दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 318

ग्वालियर, रविवार 07 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## अविवाहित महिलाओं को सुरक्षित गर्भपात की अनुमति क्यों नहीं : सुप्रीम कोर्ट

### शीर्ष कोर्ट करेगा मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट की व्याख्या

**नई दिल्ली।** अविवाहित महिला को सुरक्षित गर्भपात का अधिकार नहीं देने को उसकी निजी स्वायत्तता का उल्लंघन करार देने संबंधी अपने महत्वपूर्ण निर्णय के बाद सुप्रीम कोर्ट अब मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट 1971 (एमटीपी एक्ट-1971) तथा संबंधित नियमों की व्याख्या करेगा, ताकि यह तय किया जा सके कि क्या चिकित्सीय सलाह पर अविवाहित महिलाओं को भी 24 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी जा सकती है या नहीं। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश हो रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से इस संबंध में न्यायालय की मदद करने का आग्रह किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा यदि कानून के तहत अपवाद मौजूद हैं तो चिकित्सीय सलाह पर 24 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने वाली महिलाओं में अविवाहित महिलाओं को क्यों नहीं शामिल किया जाए एमटीपी कानून

के प्रावधान का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने टिप्पणी की एक अविवाहित लड़की जो बालिग है और अवांछित गर्भावस्था से पीड़ित है, अगर एक विवाहित महिला को 24 सप्ताह तक के गर्भ को गिराने की अनुमति है, तो अविवाहित महिला को इस अधिकार के दायरे से बाहर क्यों रखा जाना चाहिए? इस तरह के भेदभाव का कोई तार्किक कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि कानून में पति के स्थान पर पार्टनर शब्द रखने से ही संसद का इरादा स्पष्ट समझ में आता है। यह दर्शाता है कि संसद ने अविवाहित महिलाओं को उसी श्रेणी में रखा है जिस श्रेणी की महिलाओं को 24 हफ्ते के गर्भ को गिराने की अनुमति है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने सुप्रीम कोर्ट की पीठ के समक्ष कहा कि इस मामले में विशेषज्ञों की अपनी अपनी राय है और हमें उन विचारों को अदालत के समक्ष रखने की आवश्यकता है। ऐश्वर्या भाटी ने कहा 24 सप्ताह के भ्रूण को समाप्त करने में काफी जोखिम है और इससे महिलाओं की जान भी जा सकती है। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने इसके बाद ऐश्वर्या भाटी की विशेषज्ञों की राय से अदालत को अवगत कराने के लिए कहा और इस मामले में उनसे सहयोग करने का आग्रह किया।

## खास खबर

### हॉलीवुड अभिनेत्री ऐनी हेचे की कार इमारत से टकराई, गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री ऐनी हेचे की कार की यहां एक आवासीय इमारत से टक्कर हो गयी, जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गई और बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक खबर के अनुसार, लॉस एंजिलिस के मार विस्टा के वालग्रोव एवेन्यू स्थित एक इमारत में आग लग गई और हेचे की कार भी आग की चपेट में आ गयी। लॉस एंजिलिस के दमकल विभाग ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, वाहन के भीतर मिली एक व्यस्क महिला को गंभीर अवस्था में एलएएफडी पैरामेडिक्स द्वारा अस्पताल ले जाया गया। बयान के मुताबिक, दमकल कर्मियों को आग पर पूरी तरह से काबू पाने में 65 मिनट का समय लगा। वाहन के भीतर मिली एक व्यस्क महिला को बचाया गया, जिन्हें गंभीर हालत में एलएएफडी पैरामेडिक्स द्वारा एक क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। एक सूत्र ने बाद में बताया कि कार चालक अभिनेत्री हेचे (53) थीं। मनोरंजन समाचार प्रकाशन टीएमजेड के मुताबिक, वालग्रोव एवेन्यू में आग लगने की घटना से कुछ मिनट पहले हेचे की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। टीएमजेड ने एक वीडियो पोस्ट किया और दावा किया कि उसमें अभिनेत्री अपनी कार में एक सड़क पर तेज गति से जाती दिखीं।

### ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा चीन, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने किया दावा

**ताइपे ।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन उसके मुख्य द्वीप पर हमले का अभ्यास कर रहा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार चीनी विमानों और जहाजों के एक से ज्यादा बैच ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करते हुए देखे गए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ऐसा लगता है कि उन्हें ताइवान के मुख्य द्वीप पर एक हमले का अभ्यास करने के लिए लगाया गया था। अमेरिकी सीनेट की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान की यात्रा के बाद से अमेरिका और चीन के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की मंगलवार को हुई ताइवान की यात्रा को लेकर चीन और ताइवान के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। चीन ने अमेरिका को बार-बार चेतावनी दी थी कि अगर यह यात्रा हुई तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा और कठोर कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने नोम पेन्ह में सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन के साथ एक बैठक में कहा था कि अमेरिका की कार्रवाइयां चीन के राष्ट्रीय एकीकरण की प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकती हैं और 'ताइवान की आजादी के गले में फंदे' को और अधिक कसा जाएगा। चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि तथाकथित लोकतंत्र की आड़ में अमेरिका द्वारा किया गया तमाशा चीन को राष्ट्रीय पुनर्मिलन जैसे महान लक्ष्य को पूरा करने में किसी भी तरह से बाधा नहीं डाल पाएगा।

### बिहार- सोन नदी में नाव पर खाना बनाते गैस सिलेंडर फटा, चार लोग जलकर मरे

**पटना।** बिहार के पटना के मनेर में शनिवार को एक दर्दनाक दुर्घटना हो गई। सोन नदी में नाव पर खाना पकाने के दौरान गैस सिलेंडर फटने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। नाव पर सवार सभी लोग मजदूर थे। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने बुरी तरह जल गए शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा भोजपुर और पटना जिले की सीमा पर हुआ। बिंदगांवा गांव के सामने रामपुर बालू घाट के पास कुछ लोग सोन नदी के अंदर नाव में सवार होकर खाना बना रहे थे। तभी गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। एक झटके में नाव पर सवार सभी लोग बुरी तरह जल गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। नाव पर सवार सभी लोग पटना जिले के हल्दी छपरा गांव के बताए जा रहे हैं और कोईलवर-बिहटा इलाके से बालू मजदूरी करके नाव पर खाना पका रहे थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मेट्रो स्टेशन पर महिला से की थी छेड़छाड़ मेट्रो कार्ड ने 3 महीने बाद कराया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के केंद्र यानी कनॉट प्लेस में स्थित राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के अंदर एक महिला से कथित रूप से छेड़खानी और धमकाने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों की पहचान पांडव नगर के रहने वाले लव बग्गा और मॉडल टाउन के रहने वाले शिव ओम गुप्ता के रूप में हुई है। दरअसल पीड़िता ने मेट्रो स्टेशन पर खुद के साथ हुई इस वारदात को लेकर 3 मई 2022 को ट्वीट कर पुलिस से इसकी शिकायत की थी। दिल्ली पुलिस ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित की थी। इस टीम ने राजीव चौक स्टेशन पर लगे सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जिससे दोनों संदिग्ध को लेकर कुछ सुराग मिला। इसके बाद पुलिस टीम ने संदिग्धों द्वारा यात्रा के लिए इस्तेमाल किए गए मेट्रो कार्ड का डिटेल निकलवाया।

## स्वाइन फ्लू के मामले बढ़े, इसके टेस्ट की 4 से 5 हजार रुपए की कीमतें नियंत्रित करने की मांग उठी

**मुंबई।** मुंबई में इन दिनों स्वाइन फ्लू के मामले बढ़ रहे हैं, जिस कारण इसके टेस्ट के लिए लगने वाली कीमतों को नियंत्रित करने की मांग उठने लगी है। शहर में स्वाइन फ्लू के लिए किए जाने वाले

एच1एन1 टेस्ट की एक बार की कीमत 4,000 रुपए से 5,000 रुपए के बीच होती है। जिससे उन परिवारों पर भारी बोझ पड़ता है, जहां एक से अधिक लोगों को इस टेस्ट से गुजरना पड़ता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कुछ अधिकारियों ने वर्तमान राज्य सरकार के सामने एच1एन1 टेस्ट के लिए लगने वाली कीमतों को नियंत्रित करने का मुद्दा उठाया था, लेकिन अधिकारी सरकार की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स पाने में असफल रहे। स्वास्थ्य मंत्री के ना होने से इस मामले की समीक्षा तक की मंजूरी भी नहीं मिल पाई। नाम नहीं बताने की शर्त पर राज्य के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शहर में टेस्ट की पेशकश करने वाली सीमित सार्वजनिक सुविधाओं के साथ एच1एन1 के लिए टेस्ट की कीमतों को नियंत्रित करने की दिशा में कुछ कदम उठाए जाने चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक बांद्रा निवासी एस नारंग ने अपना और अपनी भतीजी की बीमारी की जांच कराने के लिए 10,000 रुपए खर्च किए। कोविड-19 की निगेटिव रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर ने उन्हें एच1एन1 टेस्ट कराने की सलाह दी। नारंग और उनकी भतीजी कई दिनों से बुखार, उल्टी, कंपकंपी और गले में जलन महसूस कर रहे थे। डॉक्टर यह जानना चाह रहे थे कि इसके पीछे का कारण क्या है। नारंग की भतीजी एच1एन1 और कोविड-19 दोनों टेस्ट में पॉजिटिव थी। नारंग ने बताया कि टेस्ट में एच1एन1 की पुष्टि होने के बाद उनके घर और ऑफिस के 10 लोगों को आइसोलेशन में जाने और सावधानी के लिए उपचार शुरू करने की सलाह डॉक्टर ने दी। उन्होंने आगे कहा कि 10 लोगों का टेस्ट कराने में काफी पैसे खर्च होते हैं। सरकार को टेस्ट की कीमतों को कम करना चाहिए।

## यमुना प्रदूषण: एनजीटी का बड़ा एक्शन, नोएडा अथोरिटी पर 100 करोड़ और डीजेबी पर 50 करोड़ का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बिना शोधित मलजल नालों में बहने से रोकने में विफल रहने को लेकर न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर 100 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। अशोधित मलजल यमुना नदी में प्रदूषण का कारक है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल के नेतृत्व वाली पीठ ने दिल्ली जल बोर्ड पर भी 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया।

एनजीटी ने उल्लेख किया कि नोएडा में 95 ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में से 56 में मलजल सुविधा या आंशिक उपचार सुविधा है और बिना शोधित मलजल सीधे नाले में बहता है। पीठ ने कहा, ''इसे (बिना शोधित मलजल) रोकने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी हैं, लेकिन वे अधिकरण द्वारा नियुक्त समितियों की जमीन पर तथ्यात्मक स्थिति का पता लगाने के बाद रिपोर्ट के आलोक में पिछले लगभग चार वर्षों में इस अधिकरण की ओर से जारी कई निर्देशों के बावजूद इस तरह के प्रदूषण रोकने में विफल रहे हैं। पर्यावरण प्रकोष्ठ के निर्माण के संबंध में, न्यू ओखला

औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) ने एनजीटी को सूचित किया कि इसे नहीं बनाया जा सका क्योंकि पेशेवरों को काम पर रखने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। पीठ ने कहा, ''नोएडा की रिपोर्ट में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं दिखता, सिवाय इसके कि आर्द्रभूमि का काम नालियों के संबंध में आवंटित किया गया है, लेकिन उक्त नालियों की पानी की गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं कर रही है।%% इसने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को दो महीने के भीतर सभी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उचित निर्देश जारी करने का निर्देश दिया।एनजीटी ने कहा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए और उत्तर प्रदेश और दिल्ली के मुख्य सचिवों द्वारा उच्चतम स्तर पर सीधे या किसी उपयुक्त तंत्र के माध्यम से निगरानी की जानी चाहिए। एनजीटी ने कहा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए और उत्तर प्रदेश और दिल्ली के मुख्य सचिवों द्वारा उच्चतम स्तर पर सीधे या किसी उपयुक्त तंत्र के माध्यम से निगरानी की जानी चाहिए। इसमें कहा गया है कि पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य को भारी नुकसान पहुंचाने वाली पिछली विफलताओं के लिए जवाबदेही निर्धारित करना और उपचार लागत को पूरा करना आवश्यक है। पीठ ने कहा, ''अन्य प्राधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और नोएडा प्राधिकरण एवं डीजेबी की अंतिम जवाबदेही पर विचार लंबित रहने के मद्देनजर, उन्हें सीपीसीबी के साथ अंतरित मुआवजे के वास्ते एक अलग खाते में क्रमशः 100 करोड़ रुपये और 50 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया जाता है जिसका उपयोग बहाली उपायों के लिए किया जाएगा। अधिकरण ने कहा कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव इस प्रक्रिया में गलती करने वाले अधिकारियों की पहचान करने और उपचारात्मक कार्रवाई करने और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी सहित ऐसे दोषी अधिकारियों या उल्लंघनकर्ताओं से मुआवजा वसूलने के लिए स्वतंत्र होंगे।

## केन्द्र ने दी उत्तराखण्ड में बीएसएनएल के 1206 मोबाइल टावर की स्वीकृति

### सीएम धामी ने की केन्द्रीय रेल, संचार एवं सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री, रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना तकनीक अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की। उत्तराखण्ड में मोबाइल नेटवर्क को

मजबूत करने के मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केंद्रीय मंत्री ने उत्तराखण्ड में बीएसएनएल के 1206 मोबाइल टावर की स्वीकृति दी। प्रत्येक मोबाईल टावर की लागत एक करोड़ रुपये आएगी। मुख्यमंत्री ने टनकपुर-देहरादून के मध्य एक जनशताब्दी रेल सेवा शुरू किये जाने का भी अनुरोध किया। रूड़की-देवबन्द रेल परियोजना के सम्बन्ध में राज्य सरकार की ओर से अब तक प्रदत्त अंशदान की धनराशि 296.67 करोड़ को अंतिम करते हुए 50 प्रतिशत अंशदान के सापेक्ष शेष देय धनराशि 99.01 करोड़ का भुगतान करने से राज्य सरकार को मुक्त करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने के लिए देहरादून-काठगोदाम के मध्य चलने वाली एक मात्र रेल सेवा है। नेपाल बॉर्डर होने के कारण वहां के लिए लोगों का आवागमन टनकपुर से ही होता है।

## कार में लगे एक एयरबैग की कीमत है सिर्फ 800 रुपए, कंपनियां वसूल रहीं 15000 रुपए

**नई दिल्ली।** लोकसभा के प्रश्नकाल के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कारों में लगने वाले एयरबैग्स का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने फैसला किया है कि हर कार में 6 एयरबैग लगाए जाएंगे। इसके ड्राफ्ट नोटिफिकेशन की तारीख इस साल अक्टूबर माह की है, लेकिन अभी तक वह जारी नहीं किया गया है। उन्होंने पूछा इसका नोटिफिकेशन कब तक जारी किया जाएगा ताकि कंपनियों के लिए 6 एयरबैग की पॉलिसी लागू की जा सके।

इस सवाल पर नितिन गडकरी ने कहा एक एयरबैग की कीमत सिर्फ 800 रुपए है। 6 एयरबैग के प्रस्ताव पर सरकार विचार कर रही है। इसे जल्द लागू किया जाएगा। कार कंपनियों के लिए यह कब तक अनिवार्य होगा, इस पर उन्होंने कोई

समयसीमा नहीं बताई। गडकरी ने बताया कि देश में हर साल 5 लाख तक सड़क हादसे होते हैं, जिनमें डेढ़ लाख तक जानें चली जाती हैं। अभी तक कार में ड्राइवर और फ्रंट सीट पैसेंजर के लिए एयरबैग जरूरी है। पीछे बैठने वाले लोगों के लिए एयरबैग का नियम नहीं है। हालांकि, सरकार ने फैसला किया है कि वह सभी पैसेंजर के लिए एयरबैग को लागू करेगी। अब सवाल ये उठता है कि जब एक एयरबैग की कीमत 800 रुपए है, तब कंपनी इस पर 15,000 रुपए क्यों ले रही हैं। आर सी भार्गव के मुताबिक, 6 एयरबैग लगाए गए तो उनकी कीमत 60 हजार रुपए तक बढ़ जाएगी। कार में 2 एयरबैग पहले से होते हैं, यानी 4 एयरबैग लगाने का खर्च 15 हजार प्रति एयरबैग के हिसाब से 60 हजार होगा। गडकरी के मुताबिक एक एयरबैग का खर्च 800 रुपए है। यानी 4 एयरबैक का खर्च 3200 रुपए होता है। अब मान लिया जाए एयरबैग के साथ कुछ सेंसर, सपोर्टिंग एक्सेसरीज भी लगाई जाएगी। तब एक एयरबैग का खर्च 400 से 500 रुपए के करीब बढ़ सकता है।

### चुनाव जीते बसपा से, अध्यक्ष बने कांग्रेस से, अब भाजपा में

**दमोह।** नगर पंचायत पथरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा ने एक माह के अंदर तीन बार दल बदल करके नया रिकॉर्ड बना लिया है। सुंदर लाल विश्वकर्मा ने पार्षद पद का चुनाव बसपा की टिकट पर लड़ा। अध्यक्ष बनने के लिए उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ले ली। अध्यक्ष बनने के कुछ ही घंटों के अंदर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। नगर पंचायत पथरिया में इस तरह भाजपा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बन गया। सुंदर लाल विश्वकर्मा को अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की सदस्यता लेने के बाद 8 मत प्राप्त हुए। वह अध्यक्ष घोषित हो गए। उनके विरोध में भाजपा के पार्षद राकेश ठाकुर को 7 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा की शोभा रानी को 9 मत मिले।

## उद्धव का शिंदे गुट पर वार, बोले- जल्दबाजी में हनीमून मनाया, पर शादी करना भूल गए

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के सीएम बनने के बाद भी सियासी घमासान खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। शिंदे गुट और उद्धव खेमे की तरफ से बयानबाजी हो रही है। अब शिवसेना ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और बागियों पर निशाना साधा है। शिवसेना के मुखपत्र में कहा कि पिछले दो महीने से राज्य का स्वास्थ्य खराब करने वालों का स्वास्थ्य खराब करने वालों का स्वास्थ्य खराब हो गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

वर्तमान में लगातार दौरे, अपर्याप्त नींद के कारण थके हुए हैं और बीमार पड़ गए हैं। जिसके बाद से शिवसेना हमलावर है। शिवसेना ने कहा कि शिंदे समूह एक ऐसी स्थिति में पहुंच गया है जहां उन्होंने जल्दबाजी में हनीमून मनाया, लेकिन शादी करना भूल गए। मुखपत्र में कहा गया कि पिछले दो महीने से राज्य की राजनीतिक सेहत बिगड़ी हुई है, लेकिन मुख्यमंत्री शिंदे, जिनकी बदहाली या विश्वासघात ने राज्य की तबीयत खराब कर दी है। शिंदे की सेहत पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बीमार पड़ने की खबर अलीबाबा और चालीस चोर के लिए चिंताजनक है।

## केजरीवाल सरकार ने पहले ही दिन से नई आबकारी नीति को दुधारु गाय मान लिया था: संबित पात्रा

### सिसोदिया एंड कंपनी की पोल खुल चुकी है तो वे सीबीआई को गुमराह करने में जुट गए हैं :आदेश गुप्ता

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित मंत्रियों पर नई आबकारी नीति के माध्यम से करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि अब सीबीआई जांच शुरु हो गई है तो उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी इस आबकारी नीति को गलत बताने लगे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा, प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आज यहां एक संयुक्त प्रेसवार्ता में आम

आदमी पार्टी और उसके नेताओं को झूठा करार देते हुए कहा कि आबकारी नीति को बेहतर और दिल्ली सरकार की राजस्व बढ़ाने वाली बता कर उसकी जम कर तारिफ करने वाले केजरीवाल और सिसोदिया सी.बी.आई. जांच की शुरुआत होते ही पलटी मार कर अपनी ही नीति को गलत ठहराने में जुट गए हैं। श्री पात्रा ने कहा कि जब जांच की आंच उन तक पहुंची है तो वे बली का बकरा ढूढ़ने में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि सिसोदिया उपराज्यपाल पर नीति में अंतिम समय में बदलाव का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन गत वर्ष नवंबर में लागू इस नीति को 10 माह के बाद आप नेताओं को इसमें खामियां नज़र आ रही है। श्री पात्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पहले ही दिन से नई आबकारी नीति को दुधारु गाय मान लिया था। इस नीति में शराब निर्माताओं को भी खुदरा व्यापार की छूट देने के साथ-साथ काली सूची में डाली गई कंपनियों को भी लाइसेंस दिए गए और समूह बनाने वालों को भी भागीदारी की छूट दी गई। उन्होंने कहा कि नियमों से बाहर जाकर उन क्षेत्रों में भी दुकानों के लाइसेंस दिए गए जहां वे खोली नहीं जा सकती थीं। श्री पात्रा ने कहा कि अब सिसोदिया इसके लिए उपराज्यपाल को दोषी ठहरा रहे हैं क्योंकि वे संवैधानिक पद पर होने के कारण जवाब नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और सिसोदिया को इस बात का जवाब देना होगा कि उन्होंने शराब माफियाओं को 144 करोड़ रुपये की राशि माफ क्यों की।

## न्यूज़ ट्रैक....

### शाकिब के सोशल-मीडिया अकाउंट की भी जांच करेगा बीसीबी

**ढाका** । बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान शाकिब अल हसन सट्टेबाजी से जुड़ी एक कंपनी के साथ साझेदारी के बाद से ही क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निशाने पर हैं। बीसीबी ने कहा है कि वह किसी भी खिलाड़ी को सट्टेबाजी से संबंधित किसी भी कंपनी के साथ करार की अनुमति नहीं देगी। इसके अलावा बोर्ड ने कहा है कि शाकिब के सोशल-मीडिया अकाउंट की भी जांच की जाएगी जिसमें उन्होंने इस कंपनी के साथ साझेदारी का ऐलान किया था। बीसीबी के अनुसार कानून के मुताबिक सट्टेबाजी से संबंधित सुविधाए देने वाली कंपनियों पर क? प्रतिबंध लगाए गए हैं क्योंकि सट्टेबाजी के कारोबार को बढ़ावा देना कानून के साथ-साथ संविधान का भी उल्लंघन है।

### भारत-इंग्लैंड मैच के समय में बदलाव

**बर्मिंघम** । राष्ट्रमण्डल खेलों में शनिवार को होने वाले भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम के मैच के समय में बदलाव किया गया है। भारतीय टीम ग्रुप एक के पहले सेमीफाइनल में मेजबान इंग्लैंड से भिड़ेगी। वहीं ग्रुप बी के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मैच भारतीय समयानुसार रात 10.30 बजे खेला जाना था, लेकिन अब इसके समय में बदलाव हो गया है।इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले सेमीफाइनल का समय भी बदल गया है.

### स्टार पहलवान बजरंग पूनिया ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता

**बर्मिंघम** । कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के 8वें दिन कुश्ती में भारत का पहला गोल्ड आ गया है। स्टार पहलवान बजरंग पूनिया ने पुरुषों के 65 ग्रेम फ्रीस्टाइल के फाइनल में कनाडा के लचलान मैकनील को 9-2 से मात दी है। इससे पहले उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के जॉर्ज रैम को 10-0 से हराया था। 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी बजरंग ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। अंशु मलिक ने महिलाओं के 57 ग्रेम की वेट कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता है। गोल्ड मेडल नाइजीरिया की ओडुनायो अदेकुओरोये ने अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में अंशु को 7-3 से हराया। इससे पहले अंशु ने सेमीफाइनल में श्रीलंका की नेथमी पोरुथोटागे को 1 मिनट 4 सेकंड में 10-0 से हराया था। व

### जडेजा ने अब सीएसके से जुड़े ट्वीट हटाए

**नई दिल्ली** । टीम इंडिया ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा के चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम से मतभेद बढ़ते जा रहे हैं। जडेजा को इस बार टीम ने आईपीएल सत्र से ठीक पहले कप्तान बनाया था पर टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें बीच में ही हटाकर महेन्द्र सिंह धोनी को कप्तानी सौंप दी। उसी के बाद से ही जडेजा और सीएसके के बीच दूरियां बढ़ गयीं। जडेजा का अंतिम मैचों के लिए टीम में जगह नहीं मिली जिसके बाद उन्होंने सीएसके से जुड़े सभी इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिये थे। वहीं दूसरी ओर सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथ ने कहा है कि जडेजा के साथ कोई झगड़ा नहीं है। विश्वनाथ ने कहा, देखिए, यह उनका निजी फैसला है। हमें अपनी तरफ से इस तरह की घटनाओं की जानकारी नहीं है। टीम में सब ठीक है। कुछ भी गलत नहीं है।

महिला

# भारत और वेस्टइंडीज के बीच चौथा एकदिवसीय मुकाबला

फ्लोरिडा । भारत और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच चौथा टी20 क्रिकेट मैच शनिवार को यहां के रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में खेला जाएगा। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। रोहित शर्मा की कप्तानी में उतर रही भारतीय टीम बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी अभी अच्छी लय में है, ऐसे में उसे जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे टी20 मुकाबले में पीठ में खिंचाव आ गया था पर उनके इस मैच में वापसी करने की संभावनाएं हैं। रोहित अब पूरी तरह से फिट बताये जा रहे हैं पर अगर वह नहीं उतर पाते हैं तो उनकी जगह युवा बल्लेबाज ईशान किशन या सूर्यकुमार यादव में से कोई एक पारी की शुरूआत करते हुए नजर आ सकते हैं। किशन और सूर्यकुमार ने पिछले कुछ समय में अच्छा प्रदर्शन किया है।

मध्यक्रम में भारतीय टीम के पास श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या जैसे बल्लेबाज हैं हालांकि अब तक ये अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। ये तीनो ही मैच विजेता खिलाड़ी हैं और कभी भी मैच का रुख मोड़ सकते हैं। निचले क्रम पर दिनेश कार्तिक और रविंद्र जडेजा जैसे बल्लेबाजों से टीम को लक्ष्य का पहुंचाने की उम्मीदें रहेंगी। गेंदबाजी की बात करें तो भारतीय टीम के पास भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह जैसे तेज गेंदबाज हैं जो किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं। इस मैच में अवेश खान को शायद ही जगह मिले क्योंकि पिछले मैच में वह नाकाम रहे थे। स्पिनर के तौर पर अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को टीम में जगह मिलना तय है। वहीं दूसरी ओर वेस्टइंडीज के बात करें तो टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज भारतीय टीम के मुकाबले अभी तक किसी भी क्षेत्र में टिक नही पाये हैं। इसलिए उसे जीत दर्ज करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

ये हो सकती है भारत की अंतिम ग्याह =

1. रोहित शर्मा/ईशान किशन 2 सूर्यकुमार यादव 3 श्रेयस अय्यर 4 ऋषभ पंत (विकेटकीपर) 5 हार्दिक पंड्या 6 दिनेश कार्तिक 7 रविंद्र जडेजा 8 भुवनेश्वर कुमार 9 हर्षल पटेल 10 अर्शदीप सिंह 11 आर अश्विन।

### वेस्टइंडीज को हराकर पाक का रिकार्ड तोड़ने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

टीम इंडिया की नजरें अब अमेरिका में होने वाले अगले दो मैचों में वेस्टइंडीज को हराकर पांच मैचों की सीरीज में जीत दर्ज करने के साथ ही वेस्टइंडीज पर सबसे ज्यादा जीत के पाकिस्तान के रिकार्ड को भी तोड़ना रहेगा। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। ऐसे में इस मैच में जीत के साथ ही उसके नाम सीरीज हो जाएगी। इसके अलावा पाक के वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने के रिकार्ड को भी भारतीय टीम तोड़कर नंबर एक पर पहुंच जाएगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक कुल 23 टी20 के मुकाबले खेले गए हैं। इसमें टीम इंडिया ने 15 मैच जीते हैं। वहीं पाकिस्तान ने 21 में से 15 मैच में वेस्टइंडीज को हराया है। भारतीय टीम ने अब तक जिस प्रकार से खेला है उसे देखते हुए उसका सीरीज जीतना तय माना जा रहा है। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाजी अभी अच्छे फार्म में हैं। बल्लेबाजी में युवा सूर्यकुमार यादव ने अब तक शानदार बल्लेबाजी कर सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। उन्होंने एक अर्धशतक भी लगाया है। वहीं. कप्तान रोहित शर्मा सहित अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अब तक सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। अर्शदीप ने 4 विकेट लिए हैं जबकि ऑफ स्पिनर आर अश्विन और तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने 3-3 विकेट लिए हैं।

# राष्ट्रमंडल खेल : आयोजकों की गलती से सेमीफाइनल में हारी भारतीय महिला हॉकी टीम

**लॉस एंजिल्स** । भारतीय महिला हॉकी टीम को राष्ट्रमण्डल खेलों के सेमीफाइनल में एक विवादास्पद फैसले में हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया से हुए इस सेमीफाइनल मैच में आयोजकों की एक गलती के कारण भारतीय टीम हारी है। इसमें पेनल्टी शूटआउट के दौरान भारतीय रक्षापंक्ति ने जबरदस्त खेल दिखाया पर भाग्य ने टीम का साथ नहीं दिया। पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया की एम्ब्रोसिया मालोन के शॉट को गोलकीपर सविता पूनिया ने रोक दिया पर इस दौरान समय अधिक होने से अंपायर ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को दूसरा अवसर दे दिया। मालोन ने इसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। इसमें भारतीय टीम की नहीं बल्कि आयोजकों और हॉकी फेडरेशन की गलती थी। इसके बाद भी उसने ऑस्ट्रेलिया को विजयी घोषित कर दिया। इस प्रकार भारतीय टीम सेमीफाइनल में 0-3 से मिली हार के बाद स्वर्ण और रजत पदक की दौड़ से बाहर हो गयी। ऐसे में अब भारतीय टीम कांस्य पदक के लिए न्यूजीलैंड से खेलेगी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार से कप्तान कप्तान सविता पूनिया सहित पूरी टीम बेहद निराश नजर आयी। सविता के अनुसार इससे उबरने में हमें समय लगे। यह एक बेहद करीबी मैच था। हमने कड़ी मेहनत की थी लेकिन अब हमारे पास कांस्य पदक के लिए अंतिम अवसर है।% उन्होंने कहा, %एक कप्तान और एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर मेरी यह जिम्मेदारी बनती है कि मैं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर करूं। मैं अब इस हार को भुलाकर चाहती हूं कि टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले के लिए तैयारी करें। कांस्य पदक के लिए यह मैच हमारे लिए बहुत अहम है। पेनल्टी शूटआउट में विवादित फैसले पर भारतीय टीम की कोच जेनेके शॉपमैन ने भी अपनी नाराजगी व्यक्त की है। कोच के अनुसार शूटआउट विवाद के बाद खिलाड़ियों के मनोबल पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इस गलती पर माफी के लिए आयोजकों के पास कोई बहाना नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, %मैं बिल्कुल भी नहीं समझ पा रही हूं कि जब यह गलती सामने आई तो ऑस्ट्रेलिया ने भी इसकी शिकायत नहीं की। हर कोई दूसरे मौके के लिए सहमत था। यहां तक की

### पाक और श्रीलंकाई बोर्ड ने खिलाड़ियों के विदेशी लीग में खेलने पर पाबंदी लगायी

**लाहौर** । भारत के बाद अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने भी अपने खिलाड़ियों के विदेशी लीग में खेलने पर पाबंदी लगा दी है। इससे खिलाड़ियों का करारा झटका लगा है। अब उनकी विदेशी लीग से होने वाली कमाई रुक जाएगी। इसी के तहत ही पिछले दिनों पीसीबी ने खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले बिग बैश लीग के लिए एनओसी नहीं दी थी। अब श्रीलंकाई बोर्ड ने अपने ऑलराउंडर वानिंदुर हसारंगा को इंग्लैंड में चल रहे द हंड्रेड में एनओसी देने से मना कर दिया है। उन्हें मैनचेस्टर ओरिजनल्स ने लगभग एक करो? रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनचेस्टर ने अब उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स को अवसर दिया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी एरले डिसिल्वा ने कहा कि एशिया कप और टी20 विश्व कप को देखते हुए हम खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक तौर पर तरोताजा रखना चाहते हैं। इसी के साथ उन्हें विदेशी लीग में खेलने से मना किया जा रहा है। एशिया कप 27 अगस्त से यूएई में शुरू हो रहा है जबकि टी20 विश्व कप के मुकाबले अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने हैं। इससे पहले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह ने भी द हंड्रेड से नाम वापस ले लिया।

सेन जोस में अमेरिका की कोको गोफ जापान की नाओमी ओसाका का उत्साह बढ़ाती हुई।

## व्यापारन्यूज

### नाइका का मुनाफा अप्रैल-जून तिमाही में 42 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली** । नाइका ब्रांड के तहत परिचालन करने वाली एफएसएन ई-कॉमर्स का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में लगभग 42 प्रतिशत बढ़कर पांच करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने कहा कि उसे वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में 3.52 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। सौंदर्य प्रसाधन एवं फैशन जगत की कंपनी नाइका की आलोच्य तिमाही में एकीकृत परिचालन आय 41 प्रतिशत बढ़कर 1,148.42 करोड़ रुपए हो गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह आंकड़ा 816.99 करोड़ रुपए रहा था। नाइका ने कहा कि बीती तिमाही के दौरान सालाना आधार पर उसका सकल कारोबार मूल्य (जीएमवी) 47 प्रतिशत बढ़कर 2,155.8 करोड़ रुपए हो गया।

### पेटीएम का घाटा बढ़कर 644.4 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली** । डिजिटल वित्तीय सेवा फर्म वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा कि उसका संचयी घाटा 30 जून को समाप्त तिमाही के दौरान बढ़कर 644.4 करोड़ रुपए हो गया। वन97 कम्युनिकेशंस पेटीएम ब्रांड के तहत काम करती है। कंपनी को एक साल पहले समान अवधि में 380.2 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। पेटीएम ने कहा कि उसका योगदान लाभ जून 2022 की तिमाही में तीन गुना बढ़कर 726 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 245 करोड़ रुपए था। कंपनी ने बताया कि उसकी संचयी परिचालन आय जून 2022 तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 1,680 करोड़ रुपए हो गई।

### आईसीआईसीआई बैंक और पीएनबी ने बाह्य मानक कर्ज दर बढ़ाई

**नई दिल्ली** । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से मानक ब्याज दर में 0.50 फीसदी बढ़ोतरी के बाद आईसीआईसीआई बैंक और पंजाब नेशनल बैंक ने भी कर्ज दर बढ़ा दी है। आरबीआई ने ब्याज दर 0.5 फीसदी बढ़ा दी जिससे रेपो दर तीन वर्ष के उच्चतम स्तर 5.40 फीसदी पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक बाह्य मानक कर्ज दर (आई-ईबीएलआर) को आरबीआई की नीतिगत दर से संदर्भित किया जाता है। वार्षिक और प्रतिमाह देय है। यह पांच अगस्त, 2022 से प्रभावी होगी। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने भी दर में वृद्धि की जानकारी देते हुए कहा ?कि आरबीआई द्वारा रेपो दर बढ़ाने के बाद रेपो से संबंधित कर्ज दर (आरएलएलआर) को भी 7.40 फीसदी से बढ़ाकर 7.90 फीसदी किया गया है जो आठ अगस्त, 2022 से प्रभावी होगी।

### गोयल ने निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ विदेशी व्यापार की समीक्षा की

**नई दिल्ली** । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां निर्यात संवर्धन परिषदों और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों के साथ देश के विदेशी व्यापार परिदृश्य की समीक्षा की। गोयल ने कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यातकों, निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी), सरकारी एजेंसियों और विदेशों में भारतीय दूतावासों को एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। गोयल ने ईपीसी और उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि सरकार भारतीय निर्यातकों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में मदद के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि गति शक्ति के साथ सरकार संपर्क और लॉजिस्टिक में सुधार कर रही है। सरकार महत्वपूर्ण व्यापार भागीदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए भी बातचीत कर रही है। मंत्री ने उद्योग प्रतिनिधियों से एफटीए का अध्ययन करने और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ वाले क्षेत्रों की पहचान करने का आग्रह किया।

# यूक्रेन से जंग के बाद भारत ने रूस से बड़ी मात्रा में की कच्चे तेल की खरीद, बना रिकार्ड

नई दिल्ली । इस साल फरवरी में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका, यूरोप समेत दुनिया के अनेक देशों ने उस पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। जिसके चलते रूसी तेल का निर्यात रुक गया था और ऐसे में उसने दामों में भारी कटौती की थी। अमेरिका के भारी दबाव के बाद भी इसका फायदा भारत ने उठाया। भारत ने कम दामों में रूस से जमकर तेल की खरीद की। इसकी वजह से रूस भारत को तेल की आपूर्ति करने वाले अग्रणी देशों में आ गया है।

अप्रैल से जून तिमाही के दौरान रूसी क्रूड ऑइल सऊदी अरब से सस्ता रहा है। मई में तो यह 19 डॉलर प्रति बैरल तक कम था। रूस से भारत को बढ़ी सप्लाई के चलते वह भारत को क्रूड बेचने वाले देशों में दूसरे नंबर पर आ गया है। इससे पहले सऊदी अरब को यह दर्जा हासिल था। फिलहाल भारत को तेल की आपूर्ति करने वाले देशों में इराक पहले नंबर पर है और सऊदी अरब दूसरे स्थान पर है। भारत और चीन ने यूक्रेन संकट के बाद से बड़े पैमाने पर रूस से तेल की खरीद की है। भारत अपनी तेल जरूरतों का 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है। ऐसे में यूक्रेन संकट के बीच रूस के सस्ते तेल ने भारत के आयात बिल को कम करने में मदद की है। यही नहीं कोरोना के बाद से महंगाई और मंदी की आशंकाओं से निपटने में भी सहायता मिली है।

सरकारी डेटा के मुताबिक भारत ने जून तिमाही में 47.5 बिलियन डॉलर का तेल आयात किया था। हालांकि बीते साल इसी तिमाही में भारत ने 25.1 अरब डॉलर का ही तेल खरीदा था। बड़े पैमाने पर तेल आयात करने की वजह यह है कि कोरोना काल के बाद इकॉनमी खुली है और मांग में इजाफा हुआ है। इसके अलावा भारत ने बड़े पैमाने पर तेल स्टोर करने के लिए भी ज्यादा खरीद की है। भारत के लिए यह मौका इसलिए भी फायदे का रहा क्योंकि इस दौरान मंदी और महंगाई की आशंका थी। एक तरफ भारत ने रूस से तेल की खरीद बढ़ा दी है। वहीं सऊदी अरब और इराक को भी नुकसान नहीं हुआ। इसकी वजह यह है कि उन्होंने अपना निर्यात यूरोप को बढ़ा दिया है, जिन्होंने रूस से तेल की खरीद बंद कर दी है। इस तरह देखें तो ऑइल मार्केट में ग्राहकों का बड़ा शिफ्ट देखने को मिला है और इस स्थिति में रूस

# ईडी ने क्रिप्टो एक्सचेंज वज़ीरएक्स की 64 करोड़ की राशि जब्त की

**नई दिल्ली** । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देश के प्रमुख क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंजों में से एक वज़ीरएक्स की बैंकों में जमा 64.67 करोड़ रुपए की राशि जब्त कर ली है। ईडी ने हाथों-हाथ ऋण देने वाले एप्लिकेशन के खिलाफ चल रही धन शोधन जांच के तहत यह कार्रवाई की है। एजेंसी ने कहा कि वजीरएक्स का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी जनमई लैब प्राइवेट लिमिटेड के एक निदेशक समीर म्हात्रे के खिलाफ तीन अगस्त को छापे मारे गए थे। जांच एजेंसी ने कहा कि वह मांगी गई जानकारी साझा नहीं कर रहे थे और जांच में सहयोग भी नहीं कर रहे थे। ईडी ने एक बयान में कहा कि एक्सचेंज और उसके अधिकारी भारतीय नियामक एजेंसियों द्वारा निगरानी या जांच से बचने के लिए विरोधात्मक और अस्पष्ट जवाब दे रहे थे। एजेंसी ने पाया कि देश में मोबाइल ऐप के माध्यम से फंसाने वाले ऋण देने में शामिल कई वित्त प्रौद्योगिकी कंपनियों ने अधिकतम राशि वज़ीरएक्स एक्सचेंज में स्थांतरित कर दी है। साथ ही इस तरह खरीदी गई क्रिप्टो-परिसंपत्तियों को अज्ञात विदेशी खातों में स्थांतरित कर किया गया है। ईडी ने वज़ीरएक्स पर असहयोगी व्यवहार करने के कम से कम चार मामलों में आरोप लगाया है, जिसने उसे तत्काल ऋण ऐप के खतरे के खिलाफ जांच शुरू करने के लिए मजबूर किया।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई** । विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के फिर से भारतीय बाजार की ओर रुख से देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी देखी गई है। 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरान देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.4 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। इससे पहले लगातार चार सप्ताह तक इसमें कमी हुई थी। 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरान शेयर बाजार में लगभग हर रोज तेजी रही। उस सप्ताह फॉरेन पोर्टफोलियो इंस्वेस्टर्स (एफआईआई) नेट इनवेस्टर थे। रिजर्व बैंक के अनुसार 29 जुलाई 2022 को समाप्त सप्ताह के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 573.875 अरब डॉलर पर पहुंच गया। बीते 15 जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 7.541 अरब डॉलर घटा था। यदि 22 जुलाई को समाप्त सप्ताह की बात करें तो यह 571.5 अरब डॉलर पर था। आठ जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार 8.062 अरब डॉलर घटकर 580.252 अरब डॉलर रह गया था। इसी महीने एक जुलाई को भी विदेशी मुद्रा भंडार 5.008 अरब डॉलर घटा था। उस समय अपना विदेशी मुद्रा भंडार 588.314 अरब डॉलर पर था। 29 जुलाई को विदेशी मुद्रा भंडार में जो बढ़ोतरी हुई, उसमें फॉरेन करेंसी असेट का बढ़ना भी शामिल है। यह कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके अलावा स्वर्ण आरक्षित भंडार बढ़ने से भी विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 1.140 अरब डॉलर बढ़ कर 39.642 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### कंपनी ने टेक प्लेटफार्म के रूप में किया आईबीएस सॉफ्टवेयर का चयन

# अगले माह से फिर उड़ान भरेगी जेट एयरवेज

**नई दिल्ली** । निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी जेट एयरवेज एक बार फिर उड़ान भरने के लिए तैयार है। कंपनी ने टेक प्लेटफार्म के रूप में आईबीएस सॉफ्टवेयर का चयन किया है। बताया गया है कि यह कंपनी जेट एयरवेज के लिए टेक्नोलोजी भागीदार का काम करेगी। इससे इस विमानन कंपनी को पैसेंजर बुकिंग से लेकर इंवेंट्री मैनेजमेंट, रेवेन्यू मैनेजमेंट, डिपार्चर कंट्रोल सिस्टम, लायलटी मैनेजमेंट आदि में मदद मिलेगी। जालान-कलरॉक कंसोर्टियम ने जेट एयरवेज को फिर से शुरू करने के लिए अगले महीने का वक्त चुना है। जेट एयरवेज के सीईओ संजीव कपूर और आईबीएस के सीईओ आनंद कृष्णन की तरफ से जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार उसका कामर्शियल आपरेशन सितंबर 2022 में शुरू हो जाएगा। आपरेशन शुरू करने से पहले कंपनी का न्यू-जेनेरेशन वेबसाइट, मोबाइल ऐप भी शुरू किया जाना है। इसी के लिए आईबीएस सॉफ्टवेयर का चयन किया है। यह जेट



एयरवेज के लिए कई प्रकार के टेक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।

प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में, आईबीएस सॉफ्टवेयर यात्री सेवा प्रणालियों (पीएसएस) में बुकिंग, इन्वेंट्री और राजस्व प्रबंधन, प्रस्थान नियंत्रण प्रणाली, लायलिटी मैनेजमेंट के साथ-साथ एक नवीनतम पीढ़ी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप में अत्याधुनिक क्षमताएं प्रदान करेगा। जेट एयरवेज के विमान फिर से उड़ान भर सके, इसके लिए दो महीने पहले ही नियुक्ति शुरू हो गई है। कंपनी ने अपने केबिन क्रू के पुराने सदस्यों को फिर से जुड़ने को आमंत्रित किया है। हालांकि देखने लायक बात यह है कि जेट एयरवेज के पुराने लोग कितनी संख्या में इससे जुड़ पाते हैं। क्योंकि जब उनकी नौकरी गई तो अपना घर चलाने के लिए सभी कहीं न कहीं ईगेज हो गए हैं।

विमानन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बीते 20 मई को एयरलाइन को वाणिज्यिक हवाई परिचालन बहाल करने की इजाजत दी थी। इससे पहले बीते पांच मई 2022 को जेट एयरवेज ने हैदराबाद से दिल्ली के लिए परीक्षण उड़ान भरी थी। जेट एयरवेज की यह उड़ान पूरे तीन साल बाद भरी गई थी। क्योंकि 2019 में कंपनी दिवालिया होने के चलते सेवाएं बंद कर दी गई थीं।

यूं तो जेट एयवेज के प्रोमोटर तो नरेश गोयल थे। लेकिन प्रबंधन की नाकामियों की वजह से यह कंपनी बंद हो गई।

### कोमाकी कंपनी ने फायर प्रूफ बैटरी की लॉन्च

**नई दिल्ली** । इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी कोमाकी ने फायरप्रूफ बैटरी लॉन्च कर दी है। यह बैटरियां अगले महीने से सभी कंपनी के वाहनों में उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार, उसने लिथियम-आयन फेरो फॉस्फेट बैटरी बाजार में पेश की है, जो ज्यादा फायरप्रूफ है। कोमाकी इलेक्ट्रिक डिवीजन के निदेशक गुंजन मल्होत्रा ने कहा, ÷यह सफलता कोमाकी को बाजार में एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में स्थापित करेगी। इन बैटरियों को मोबाइल एप्लिकेशन से भी मॉनिटर किया जा सकेगा। इससे स्कूटर चलाने वाले यूजर और डीलरों की स्थिति की जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि इन बैटरियों को इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनियां भी रिपेयर कर सकेंगी।

# आयुष्मान खुराना ने खत्म की फिल्म अनेक की शूटिंग, शेयर किया भावुक नोट

हिट फिल्मों की गारंटी बन चुके अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म अनेक को लेकर चर्चा में हैं। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग आयुष्मान खुराना ने पूरी कर ली है। इसकी जानकारी खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया पर सेट से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए दी। आयुष्मान खुराना ने इंस्टाग्राम पर सेट से चार तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें से एक तस्वीर फिल्म के एक शॉट को शूट करते हुए कैमरे की है, तो वहीं दूसरी तस्वीर में आयुष्मान के साथ फिल्म के निर्देशक अनुभव सिन्हा नजर आ रहे हैं। जबकि तीसरी तस्वीर में आयुष्मान फिल्म की टीम के अन्य सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं, वहीं आखिरी तस्वीर किसी पेपर नोट और पेन की है। इन तस्वीरों को साझा करने के साथ ही आयुष्मान ने एक भावुक कर देने वाला नोट भी लिखा है। आयुष्मान ने लिखा-'ये बहुत ही खास फिल्म अनेक का रैप है और ये आश्चर्य से भरा हुआ है साथ ही ये एक अछूता विषय है। एक बहुत ही महत्वपूर्ण नए युग का सिनेमा है, शूटिंग के आखिरी दिन मैं भावुक क्यों हो जाता हूं? क्योंकि ये किरदार मुझे फिर से कभी नहीं मिलने वाला। साथ ही मैं जोशुआ के किरदार को मिस करूंगा और मुझे नार्थ-ईस्ट की भी बहुत याद आएगी।' आयुष्मान खुराना की घोषणा इसी साल फरवरी में हुई थी और फिल्म की घोषणा के साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी थी। इस फिल्म में आयुष्मान जेशुआ के किरदार में नजर आएंगे । यह फिल्म इसी साल 17 सितम्बर को रिलीज होगी। हालांकि फिल्म के बारे अब तक कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। यह दूसरा मौका है जब आयुष्मान खुराना अनुभव सिन्हा के निर्देशन में काम कर रहे हैं। इससे पहले आयुष्मान खुराना और अनुभव सिन्हा ने साल 2019 में आई फिल्म आर्टिकल 15 में साथ में काम किया था। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट हुई थी।

## इंटरनेट पर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आई एक्ट्रेस पूर्वी मुंदडा

इंटरनेट पर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आई एक्ट्रेस पूर्वी मुंदडा टीवी से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज तक सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते नजर आते हैं। अपने टीवी शोज और फिल्मों से फैंस को एंटरटेन करने के साथ ही वें सोशल नेटवर्किंग साइट्स

द्वारा अपने चाहनेवालों के साथ जुड़े रहते हैं। टीवी से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज तक सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते नजर आते हैं। अपने टीवी शोज और फिल्मों से फैंस को एंटरटेन करने के साथ ही वें सोशल नेटवर्किंग साइट्स द्वारा अपने चाहनेवालों के साथ जुड़े रहते हैं। कई बार एक्ट्रेसेस अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज से भ लोगों को हैरान करती आई हैं। इन दिनों टीवी एक्ट्रेस पूर्वी मुंदडा इंटरनेट पर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की है जिसमें वो हॉट कपड़ों में अपनी लुभावनी अदाओं से फैंस का दिल जीतती हुई दिखाई दे रही हैं। ब्लैक ट्रेक पेंट्स, जैकेट और ब्रा पहनी हुई पूर्वी फैंस का भरपूर अटेंशन पा रही हैं और अपनी खूबसूरती से लोगों को रिझाती हुई नजर आ रही हैं। पूर्वी टीवी शो निशा और उसके कजिन्स और दिल तो हप्पी है जी जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं।

## हकलाने और बढ़े हुए वजन के चलते काफी कुछ सहा है : समीरा रेड्डी

अभिनेत्री समीरा रेड्डी इन दिनों भले ही बॉलीवुड की चमक दमक से दूर हो, लेकिन सोशल मीडिया पर वह काफी सक्रिय रहती हैं। हाल ही में समीरा रेड्डी ने सोशल मीडिया पर अपनी एक थ्रोबैक तस्वीर साझा की है और इसके साथ ही उन्होंने खुलासा किया है कि हकलाने और बढ़े हुए वजन के चलते उन्हें काफी कुछ सहना पड़ा है। दरअसल हाल ही में समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर अपनी टीनेज की एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में वह काफी मोटी नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए समीरा ने लिखा-क्योंकि मैंने टीनएज में हकलाने और बढ़े हुए वजन के कारण काफी कुछ सहा है, इसलिए मैं अपने बच्चों को दयालु, सहनशील और हर परिस्थितियों का सामना करने वाला बनाऊंगी। सभी एक जैसे नहीं होते। मुझे जो आहत करने वाले कमेंट्स मिले, उनसे गुजरना बहुत कठिन था। काश कि मैं उस लड़की को बता पाती कि वह परफेक्ट से भी बेहतर है। लेकिन पीछे मुड़कर देखें तो हमने रहने के लिए परफेक्शन और हाईस्टैंडर्ड वाली दुनिया नहीं बनाई है? क्या हम अपने बच्चों को उसी जगह भेज रहे हैं? मेरा मानना है कि हम ज्यादा दिमाग वाली सचेत पीढ़ी हैं।

# रियलिटी शो में दूल्हे की तलाश करेगी आर्शी खान!

टीवी शो बिग बॉस 14 में एक्ट्रेस अर्शी खान को अच्छी-खासी पॉपुलेरिटी मिली और अब सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहने लगी है। हाल ही में उन्होंने मुंबई में अपना पहला घर खरीदा है और अब के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। अर्शी खान जल्द ही एक बार फिर छोटे पर्दे पर नजर आने वाली हैं। दरअसल, अर्शी खान का स्वयंवर होने जा रहा है और इसी के चलते वह छोटे पर्दे पर नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राखी सावंत, रतन राजपूत और शहनाज गिल के बाद अब अर्शी खान भी स्वयंवर करने जा रही हैं। इससे पहले राहुल महाजन भी रियेलिटी शो में शादी रचा चुके हैं। उन्होंने राहुल की दुल्हनिया में डिंपी गांगुली संग शादी रचाई थी, लेकिन बाद में दोनों का तलाक हो गया। अब बिग बॉस की ये एक और कंटेस्टेंट होंगी जो रियेलिटी शो में अपने लिए जीवनसाथी की तलाश करेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने इसके लिए अर्शी खान से बातचीत भी शुरू कर दी है। अगर इसके लिए अर्शी की तरफ से हां होती है तो जल्द ही नेशनल टेलीविजन पर वह अपने लिए दूल्हे की तलाश करती नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने शो की तैयारी शुरू कर दी है। शहनाज गिल के स्वयंवर के बाद, चैनल किसी ऐसे शख्स को चाहता है जो टीआरपी हिट कर सकता हो। ऐसे में अर्शी खान एक अच्छा नाम हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अर्शी खान के स्वयंवर शो को राहुल महाजन होस्ट कर सकते हैं। हालांकि इसकी भी अभी कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक टीवी शो का नाम आएंगे तेरे साजना (सीजन वन विद अर्शी खान) होगा।

## बोट राइड पर सेल्फी लेते दिखे वरुण- नताशा

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन इन दिनों अपनी पत्नी नताशा दलाल के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे है। वह अरुणाचल प्रदेश में अपनी अपकमिंग मूवी की शूटिंग भी कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने बोट राइड करते हुए दोनों की सेल्फी साझा की है, साथ ही ये भी बता दिया है कि वे हनीमून पर नहीं हैं। दोनों की यह फोटो फैंस को खूब पसंद आ रही है। बता दें कि दोनों साथ में अरुणाचल प्रदेश की खूबसूरती का लुत्फ उठा रहे हैं। अरुणाचल की ठंडी वादियों में वरुण और नताशा गर्म कपड़ों में दिखाई दिए। दोनों के चेहरे की रौनक बता रही है कि काम के बीच भी वरुण और नताशा का वक्त अच्छा बीत रहा है। इससे पहले वरुण ने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वे एक क्यूट बच्चे को गोद में लिए नजर आए। वीडियो को शेयर करते हुए वरुण ने कैप्शन में लिखा, अरुणाचल प्रदेश के बच्चे। थियागी काम्बो इसका नाम है। वरुण धवन वीडियो में उस बच्चे को हवा में ऊपर उठाते और उसकी तरफ देखते नजर आ रहे हैं।

# हिप्स की चर्बी करना चाहते हैं कम तो करें ये काम, कुछ दिनों बाद ही दिखने लगेगा असर

मोटापे को लेकर बहुत लोग परेशान होते है, लेकिन कई लोग ऐसे भी होते है जिनकी ऊपर से काया तो ठीक होती है, लेकिन भारी हिप्स उनकी पर्सनैलिटी के साथ उनके मनपसंद कपडे पहनने के बीच भी आते है। ऐसे में जिम जाने की बजाय ज्यादातर लोग घरेलू उपाय या वर्कआउट करके इस समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं। आप भी अगर इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे आसन जिन्हें अपनाकर आप अपनी हिप्स की चर्बी कम कर सकते हैं-

### मलासन (स्क्वॉट पोज़िशन)

- स्क्वॉट पोजिशन को मलासन के रूप में जाना जाता है। इस आसन को करने के लिए आप एक स्थान पर सीधे खड़े हो जाएं। अपने पैरों के बीच एक से डेढ़ फीट का गैप बनाएं और घुटनों से पैर मोड़कर कुर्सी पर बैठने की पोजिशन मेंटेन करके रखें।
- फोटो में आप देख सकते हैं कि आपको ना तो कुर्सी पर बैठना है और ना घुटनों के बल बैठना है। आप स्क्वॉट पोजिशन में खुद को जितनी देर हो सके होल्ड करें। यह प्रक्रिया आपको 15 से 20 बार दोहरानी है। आप इसके 2 से 3 सेट एक बार में कर सकते हैं। हर सेट के बीच 10 से 15 सेकंड का ब्रेक लें।
- कोई भी आसन करते हुए ध्यान रखना चाहिए कि पेट भर खाने के तुरंत बाद भोजन नहीं करना चाहिए बल्कि आसन और भोजन के बीच 2-3 घंटे का फासला जरूर होना चाहिए।

### तितली आसन (बटर फ्लाई)

- दंडासन में बैठ जायें।
- घुटनों को मोड़ें और पैरों के तलवों को एक दूसरे से मिलायें, और जितना संभव हो -एडियों को शरीर के करीब ले जायें।
- अंदरूणी जांघ की मांसपेशियों को पूरी तरह से रिलेक्स रखें।
- धीरे-धीरे घुटनों को ऊपर और नीचे उछालें, ज़रूरत हो तो घुटनों को नीचे दबाने के लिए कोहनी का उपयोग करें।
- घुटनों को नीचे की ओर ले जाते वक़्त कोशिश करें कि वह जमीन पर स्पर्श करें। -लेकिन ध्यान रहे कि ऐसा करने के लिए बल का उपयोग नहीं करना है।
- 30 से 50 ऊपर और नीचे करें, अगर कम किया जाए तो कम करें और समय के साथ -अभ्यास बढ़ने पर धीरे-धीरे बढ़ायें।

### तितली आसन के लाभ:

- यह आसन महिलाओं को पीरियड्स के दौरान होनेवाली समस्याओं से निजात दिलाता है। जैसे क्रैंप्स, अनियमितता, लोअर बॉडी पार्ट में तेज दर्द और बेचैनी। लेकिन इस बात का खास ध्यान रखें कि महिलाओं को यह आसन पीरियड्स के दौरान नहीं करना चाहिए। इस समय में आप केवल वॉक करें।
- तितली आसन पैरों की और खासतौर पर जांघों की मसल्स को मजबूत बनाता है।

# उम्मीद है, वीडियो गाने का चलन जारी रहेगा : अदा खान

अभिनेत्री अदा खान ने 'नागिन' के अपने सह-अभिनेता अर्जुन बिजलानी के साथ यासर देसाई के नए गीत 'मोहब्बत फिर हो जाएगी' के संगीत वीडियो में फिर एक साथ काम किया। वह खुश हैं कि वीडियो सॉन्ग का चलन वापस आ गया है। अदा ने कहा, बड़े होने के दौरान स्कूल और कॉलेज में हमने बहुत सारे गाने सुने और बहुत सारे वीडियो सॉन्ग देखे। मुझे याद है कि हम पसंद किया करते थे। अब फिर से अच्छे-पुराने दिन वापस आ गए हैं। मुझे उम्मीद है कि यह चलन जारी रहेगा। अभिनेत्री का कहना है, अर्जुन के साथ स्क्रीन साझा करने पर उनके प्रशंसक इसे पसंद करते हैं। अदा ने कहा, जब हम नागिन कर रहे थे। प्रशंसकों ने शेषा और ऋतिक की केमिस्ट्री को पसंद किया। इस बार भी जब हमने एक साथ यह गाना किया तो उन्होंने हमें समर्थन दिया। इनकी तरह, आपको अभिनेताओं का एक अलग वर्जन देखने को मिलता है। यह गाना खूबसूरत भी है। हमारे प्रशंसकों की प्रतिक्रिया बहुत कुछ कहती है कि वे कितने खुश और उत्साहित हैं। हमें लगता है उनके प्रशंसकों में खुशी है।

# इन आसान तरीकों से होगा घुटनों का दर्द दूर

आजकल घुटनों में दर्द की समस्या बहुत आम हैं। वे दिन बीत गए, जब यह समस्या सिर्फ़ उम्रदराज़ लोगों को होती थी। आजकल कम उम्र के लोग भी इसके शिकार हो जाते हैं। वैसे तो घुटने में दर्द की समस्या आम मानी जाती है। लेकिन वास्तव में यह काफी तकलीफदेह हो सकती है। इस स्थिति में लोग अक्सर दर्द से छुटकारा पाने के लिए दवाइयों का सहारा लेते हैं। लेकिन आप बिना दवाइयों के भी कुछ नेचुरल उपाय अपनाकर इस घुटने के दद से राहत पा सकते हैं। लेकिन घुटनों में दर्द हो रहा है तो एक बार चिकित्सक की राय भी लेना जरूरी हैं। आपको बता दें कि हमारे घुटने शरीर के लिए कई प्रकार के झटके सहन करते हैं। इसीलिए घुटनों का स्वस्थ होना हमारी सम्पूर्ण सेहत के लिए बेहद जरूरी है।

**गठिया रोग :** कमजोर घुटने या गठिया रोग से ग्रस्त घुटनों की वजह से हमारा चलना-फिरना प्रभावित हो जाता है। स्वस्थ घुटने होने के लिए आवश्यक है कि हमारे शरीर का वजन सही हो ताकि हमारे घुटनों पर अतिरिक्त बोझ ना पड़े। इसके साथ ही खूब सारा एक्ससाइज भी जरूरी है। चलिए हम आपको कुछ तरीके बताते हैं, जिन्हे आजमाकर आप अपने घुटने स्वस्थ रख सकते है.

**ऊंची, नीची जमीन पर न चलें:** अगर आपको गठिया या घुटने की कोई समस्या है तो आप बहुत दलदली या ऊंची, नीची जमीन पर नहीं चलना चाहिए। हमेशा सड़क के किनारे या समतल धरातल पर चलें। ताकि आपके घुटनों पर कोई झटका ना लगे।

**सीढियों पर न कूदे:** अगर आपके घुटने सही हालत में नहीं हैं, तो सीढ़ी आदि पर दौडकर उनपर कोई भी अतिरिक्त दबाव नहीं डालना चाहिए। खासकर यदि आपका वजन ज्यादा है तो तेज कदमों से सीढ़ी पर दौडना आपके घुटनों के लिए नुकसानदायी साबित हो सकता है। सीढियों पर धीरे-धीरे चढ़ें और किनारों का सहारा लीजिए, ताकि शरीर का वजन बंट जाए।

## मैं पुरुष अभिनेता के बिना 'दुश्मन' नहीं बेच सकती थी : पूजा भट्ट

आजकल कई महिला केंद्रित फिल्में और वेब प्रोजेक्ट देखे जा रहे हैं। मगर ऐसा पहले नहीं था, जब 1998 में अभिनेत्री व फिल्म निर्माता पूजा भट्ट ने 'दुश्मन' का सह-निर्माण किया था। पूजा ने याद किया कि फिल्म को रिलीज करना तब तक मुश्किल था, जब तक कि उसमें कोई पुरुष अभिनेता न हो। काजोल की दोहरी भूमिका वाली इस फिल्म में संजय दत्त भी एक

महत्वपूर्ण भूमिका में थे। उन्होंने बताया, दुख की बात है कि जब मैंने काजोल के साथ दुश्मन की थी। मैं फिल्म को तब तक नहीं बेच पाई, जब तक मेरे पास एक निश्चित कैलिबर का पुरुष सितारा नहीं था। बहुत से पुरुष अभिनेता ऐसा नहीं करना चाहते थे, क्योंकि यह एक महिला-उन्मुख फिल्म थी। अंत में संजय दत्त मेरे साथ व्यक्तिगत समीकरण के कारण बोर्ड पर आए। यहां तक कि उन्होंने इसके लिए बहुत ही पैसे लिए। हालांकि, पूजा जो नए वेब शो बॉम्बे बेगम का हिस्सा हैं, का कहना है कि चीजें बदल गई हैं। वह कहती हैं, आज बहुत सारी महिलाएं पटकथा लेखिका और फिल्म निर्माता हैं।

## हेट स्पीच पर लगाम

केंद्र सरकार ने 5 साल के लंबे परामर्श के बाद सोशल मीडिया पर नफरती कंटेंट रोकने के लिए एंटी हेटस्पीच कानून बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। हेटस्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों, अन्य देशों के कानूनों और अभिव्यक्ति की आजादी के तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कानून का ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसे जल्द ही सार्वजनिक राय के लिए पेश किया जाएगा। इसमें हेटस्पीच की परिभाषा स्पष्ट होगी, ताकि लोगों को भी यह पता रहे कि जो बात वे बोल या लिख रहे हैं, वह कानून के दायरे में आती है या नहीं। सरकार ने प्रवासी भलाई संगठन बनाम भारतीय संघ जैसे कुछ अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को इस ड्राफ्ट का आधार बनाया है। विधि आयोग ने हेटस्पीच पर अपने परामर्श पत्र में साफ किया है कि यह जरूरी नहीं कि सिर्फ हिंसा फैलाने वाली स्पीच को हेटस्पीच माना जाए। इंटरनेट पर पहचान छिपाकर झूठ और आक्रामक विचार आसानी से फैलाए जा रहे हैं। ऐसे में भेदभाव बढ़ाने वाली भाषा को भी हेटस्पीच के दायरे में रखा जाना चाहिए। हेट स्पीच की परिभाषा साफ होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूजर्स द्वारा फैलाई गई फेक न्यूज या नफरत भरी बातों से पल्ला नहीं झाड़ सकेंगे। देश में सबसे ज्यादा भ्रामक जानकारियां फेसबुक, ट्विटर, वॉट्सएप, कू जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिए फैलाई जाती हैं। अब इनके खिलाफ सख्त कानून बनने से कानूनी कार्रवाई का रास्ता खुल जाएगा। दूसरी ओर, देश में फ्री स्पीच के पैरोकार वर्ग को यह भी लगता है कि एंटी हेटस्पीच कानून को इस्तेमाल लोगों या समूहों की आवाज दबाने के लिए भी हो सकता है। देश में हेटस्पीच से निपटने के लिए 7 तरह के कानून इस्तेमाल किया जाते हैं, लेकिन इनमें से किसी में भी हेटस्पीच को परिभाषित नहीं किया गया है। इसीलिए, सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपने यूजर्स को मनमानी भाषा बोलने से नहीं रोक रहे हैं। एक ही बयान, किसी के लिए नफरत फैलाने वाली बात हो जाता है और किसी के लिए बोलने की आजादी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार इसी उलझन में फंसा रहता है। अपनी बात कहने की आजादी से जुड़े कई कानून हमारे देश में मौजूद हैं और एकता व शांति भंग करने वाले बयानों पर पाबंदी भी है। इन कानूनों का उपयोग और दुरुपयोग दोनों की ही चर्चा होती रहती है। परिभाषा के मुताबिक किसी भी ऐसी बात, हरकत या भाव को, बोलकर, लिखकर या दृश्य माध्यम से प्रसारित करना, जिससे हिंसा भड़कने, धार्मिक भावना आहत होने या किसी समूह या समुदाय के बीच धर्म, नस्ल, जन्मस्थान और भाषा के आधार पर विद्वेष पैदा होने की आशंका हो, वह हेट स्पीच के अंतर्गत आती है। हेट स्पीच से जुड़े कानून अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों में दखल देते हैं। इनका इस्तेमाल अपनी राय जाहिर करने वाले लोगों के खिलाफ हो रहा है। वर्तमान कानूनों की वजह से कोई शख्स लोगों की सोच बदलने के लिए पब्लिक डिबेट नहीं कर सकता क्योंकि इन कानूनों से उसे चुप करा दिया जाएगा। हेट स्पीच से जुड़े कानूनों के सख्त पालन के पक्षधर मानते हैं कि कई मौकों पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग होता है। ऐसे बयान दिए जाते हैं जिनसे आक्रोश बढ़ता है और फिर फ्री स्पीच के नाम पर इनसे कन्नी काट ली जाती है। ऐसे में हेट स्पीच पर सख्ती से लगाम लगाना जरूरी है। कानून अब भी मौजूद हैं, लेकिन कितनी मर्तबा उनका सख्ती से पालन हो पाता है?

# अंजाम यह तो आगाज क्या होगा, शहर का विकास क्या होगा

सुनील साहू

### नगर सत्ता के दोहरे शपथ ग्रहण के मायने

नगर निगम जबलपुर के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सियासत तेज हो गई है। महापौर के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के शामिल होने से भाजपा ने दूरी बना ली है। यही वजह है कि महापौर का शपथ ग्रहण समारोह जहाँ 7 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की मौजूदगी में विटरनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा वहीं भाजपा के 44 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह नगर निगम परिसर में ठीक उसके अगले दिन आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। यहाँ सवाल यह उठता है कि क्या राजनीतिक प्रतिद्वंदिता या विद्वेष की वजह से जनता के धन की होली खेली जा सकती है। नगर निगम की माली हालत किसी से छिपी नहीं है। अब दो-दो समारोहों की तैयारियों में नगर निगम के खजाने से जो रुपया खर्च होगा वो कहीं न कहीं करदाताओं द्वारा प्रदत्त राशि यहाँ तक की मेहनतकश दिहाड़ी रेहड़ी लगाने वाले छोटे-छोटे व्यापारियों की दैनिक बैठकी वसूली से आने वाला धन होगा। अलग-अलग शपथ ग्रहण करने की नई परंपरा की शरुआत बेहद दुर्भाग्यजनक है। सियासतदार भले ही इसकी संवैधानिक व्यवस्था की अपने बयानों में छीछालेदर करें ये उनका अधिकार है उस विवाद में हम नहीं जाना चाहते। राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा और भाजपा नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर द्वारा किया गया पलटवार सियासत की दृष्टि से तो ठीक है लेकिन इसे लोकतंत्र की स्वस्थ्य परंपरा नहीं कहा जा सकता। ये भी सही है कि इंदौर में कांग्रेस के पार्षदों ने अलग शपथ लेने का फैसला लेकर इसकी शुरुआत की है लेकिन सियासतदार शायद इस बात को भूल गए कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि शपथ किसी राजनीतिक दल की नहीं लेते बल्कि जिस संस्था के लिए निर्वाचित होते हैं उस संस्था के प्रति समर्पित और निष्ठावान रहकर बिना किसी राग्द्वेष के जनसेवा करने की शपथ लेते हैं। देश के संविधान में चार सरकारों की व्यवस्था है लोकसभा, विधानसभा, नगर सत्ता और जिला पंचायत (ग्रामीण सरकार) सत्ता की व्यवस्था है। अभी तक यही होता आया है कि शपथ ग्रहण समारोह में सभी दलों के नेता और निर्वाचित प्रतिनिधि एक साथ एक दिन शपथ लेते थे, जो किसी कारण से चूक जाते हैं उन्हें बाद में सदन के भीतर शपथ दिलाई जाती है। अब यहाँ भाजपा को यह आपत्ति है कि कमलनाथ आ रहे हैं, कमलनाथ कांग्रेस के नेता हो सकते हैं लेकिन वे किसी राजनीतिक पद पर नहीं हैं। भाजपा के मुताबिक वे कांग्रेस के एक विधायक मात्र हैं। भाजपा के नगर अध्यक्ष यह भी कह रहे हैं कि संवैधानिक व्यवस्था की पटरी से पहले कांग्रेस इंदौर में उतरी तब जाकर के भाजपा को भी यह कदम उठाना पड़ा लेकिन यहाँ एक बड़ा सवाल यह भी है कि इंदौर में शहर विकास के लिए सभी दलों के नेता दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े भी हो जाते हैं। यही वजह है कि आज भी इंदौर के मुकाबले जबलपुर कहीं नहीं है। इस मामले को लेकर कांग्रेस की ओर से राज्य सभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा की भी प्रतिक्रिया आई है कि भाजपा संवैधानिक व्यवस्था का पालन नहीं कर रही है। दो-दो शपथ ग्रहण संविधान के विपरीत हैं तो भाजपा भला कहां चुप रहने वाली है। भाजपा के नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर ने श्री तन्खा को नसीहत दे डाली कि खुद केंद्र सरकार की तिरंगा यात्रा का बहिष्कार करके श्री तन्खा अगर संविधान की बात करते हैं तो उन्हें शोभा नहीं देता है और संवैधानिक व्यवस्था की सीख किसी को देनी है तो वे अपने इंदौर के पार्षदों को दें, जिन्होंने यह विवाद खड़ा किया है। इस तरह का दोहरा चरित्र कांग्रेस के नेताओं का ही हो सकता है। इसी बीच जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल की भी प्रतिक्रिया आई। उनका कहना है कि निर्वाचन के बाद दलगत भावना खत्म

होना चाहिए क्योंकि शपथ किसी दल की नहीं ली जाती बल्कि शपथ उस संस्था के प्रति सच्ची निष्ठा और ईमानदारी की शपथ ली जाती है। इससे साफ संदेश जाएगा कि जबलपुर में दलगत भावना से ऊपर उठकर कोई काम नहीं होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में सभी दलों के नेता आते हैं यह स्वस्थ्य परंपरा रही है। अच्छा यह होता कि कांग्रेस और भाजपा के नेता बैठकर एक रूपरेखा बनाते और उसमें दोनों दलों के वरिष्ठ नेता शामिल होते, शपथ ग्रहण के लिए भी व्यवस्था निर्धारित होती। विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष विधायकों को, लोकसभा में लोक सभा अध्यक्ष सांसदों को और राज्य सभा में राज्य सभा के सभापति नवनिर्वाचित राज्य सभा सदस्यों को शपथ ग्रहण कराते हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों को राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट को राज्यपाल शपथ दिलाते हैं यह संविधान में व्यवस्था है। इसी तरह नगर सत्ता में कलेक्टर महापौर और पार्षदों को शपथ ग्रहण कराते हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस और भाजपा दोनों को खुले मन से समाधान का रास्ता निकालना था कि दोनों दलों के बड़े नेताओं की मौजूदगी में एक साथ शपथग्रहण समारोह आयोजित करने के निर्णय लिए जाने थे। तब यह संदेश जाता कि चुनाव के बाद दलगत राजनीति से परे होकर हमारे जनप्रतिनिधि शहर के विकास में जुटेंगे लेकिन यहाँ तो टकराव के साथ ही शुरुआत हो रही है आगाज यह है तो अंजाम क्या होगा। अब यहाँ सवाल उठने लगे हैं कि कांग्रेस के महापौर निर्वाचित होने पर जाहिर है कि एमआईसी भी उन्हीं की बनेगी और नगर सत्ता भी उन्हीं की कहलाएगी भले ही 44 पार्षद भाजपा के जीते हों। शुरुआती कड़वाहट देखकर आम जनता में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं है। आम लोगों का मानना है कि आज जब शपथ ग्रहण में एक नहीं हैं तो कल शहर विकास के किसी मुद्दे पर कैसे एक होंगे। नगर निगम में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार पोषित अनेक योजनाएं चल रही हैं क्या उनमें भी दलगत राजनीति आड़े आएगी और यदि आएगी तो यह न सिर्फ जनादेश का अपमान होगा बल्कि शहर विकास में पिछड़ भी जाएगा। आज भाजपा जिस जोश से सियासत और बयान बाजी कर रही है अगर नगर निगम के चुनाव में बयानबाजी करने वाले लोग मैदान में सक्रिय होते तो भाजपा को नगर सत्ता से हाथ नहीं धोना पड़ता। यहाँ यह भी कहना उचित होगा कि इस तरह की दलगत राजनीति और एकला चलो रे की रणनीति कांग्रेस पर दबाव बनाने की हो सकती है लेकिन भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि केंद्र और प्रदेश में उसकी ही सरकार है। नगर सत्ता को अगर दलगत भावना से परेशान किया गया तो इसका दोष सरकारों के सर मढ़ने पर कांग्रेस कहीं पीछे नहीं रहेगी। बहरहाल अब देखना यह होगा कि यह टकराहट सियासी मिठास में बदलती है या नहीं क्योंकि महापौर हों या पार्षद शपथ तो ले लेंगे और सबका राजनीतिक कद और पद वैधानिक हो जाएगा लेकिन शहर किस तरह की राजनीति विकास के पंख लगाकर उड़ेगा इस पर अभी संशय की स्थिति बन गई है। 44 पार्षद जीतने के बाद भाजपा महापौर के चुनाव में संगठनात्मक कमजोरियों पर कहीं पर्दा डालने की कोशिश में तो यह सियासी ड्रामा नहीं कर रही यह भी सच है कि शहर का विकास सियासी ड्रामेबाजी से नहीं बल्कि सदन के अंदर और सदन के बाहर शहर हित में दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करने से ही संभव होगा, वरना जिस तरह की राजनीति के संकेत मिल रहे हैं।

## थुकदम' पर शोध खोलेगा जीवन-मृत्यु का रहस्य

गीता में कहा गया है कि शरीर तो एक पुतला मात्र है इसमें मौजूद आत्मा जीव है। यह जिस शरीर में होता है उस शरीर के गुण, कर्म और अपेक्षा के अनुरूप मृत्यु के बाद नया शरीर धारण कर लेता है। आत्मा न तो जन्म लेता है और न इसकी मृत्यु होती है। जब तक आत्मा शरीर में रहती है तब-तक शरीर जीवत रहता है। आत्मा द्वारा शरीर का त्याग करते ही शरीर सड़ने लगता है और इससे बदबू आने लगती है। गरूड़ पुराण में कहा गया है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी काफी समय तक आत्मा शरीर के आस-पास भटकती रहती है। जिस व्यक्ति की मृत्यु आ जाती है और उनका मोह शरीर से लगा रहता है उनकी आत्मा को यमदूत जबरदस्ती खींचकर ले जाते हैं। यही कारण है कि प्राचीन काल में योगी मुनि अपनी इच्छा से योग द्वारा शरीर का त्याग करते थे। माना जाता है कि इस प्रकार शरीर का त्याग करने से सद्गति प्राप्त होती है। हिन्दू धर्म के अलावा बौद्ध धर्म में भी ऐसी ही मान्यता है। इसलिए बौद्ध भिक्षु भी योग द्वारा शरीर त्याग किया करते थे। योग द्वारा शरीर का त्याग करने से शरीर जल्दी दूषित नहीं होता है, क्योंकि उसमें जीवन का अंश मौजूद रहता है। हाल ही में धर्मशाला स्थित डेलेक अस्पताल में बौद्ध भिक्षु गैंगिंग खेतरुल रिंपोंछे की मौत के छह दिन बाद भी उसके पार्थिव शरीर के सुरक्षित रहने से दुनिया भर के चिकित्सक हैरान हैं। हालांकि इससे पूर्व जनवरी 2013 में भी दक्षिण भारत की ड्रेपुंग मोनेस्ट्री में इस तरह का मामला सामने आया है, जिसमें मोनेस्ट्री के प्रमुख रहे लोबसंग निमा मौत के बाद 18 दिन तक इसी अवस्था में रहे थे। इन घटनाओं ने मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति की मान्यताओं पर एक नयी बहस छेड़ दी है और शास्त्रों एवं पुराणों की मान्यताओं पर पुन- अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया है।

## इलेक्ट्रोनिक मीडिया और मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी

निखिल भट्ट

जब देश में दूरदर्शन के बाद निजी न्यूज चैनल्स ने दस्तक दी तब ये आशंका व्यक्त की गई थी कि इलेक्ट्रॉनिक न्यूज चैनल्स प्रिंट मीडिया के वजूद को खत्म कर देंगे और इसके पीछे तर्क ये था कि इलेक्ट्रॉनिक न्यूज चैनल्स किसी भी घटना को खबर और विजुअल्स के सहारे घटना के तुरंत बाद ही दर्शकों के सामने रख देंगे जबकि प्रिंट मीडिया में इस खबर के लिए दूसरे दिन का इंतजार करना होगा, लेकिन हुआ क्या प्रिन्ट मीडिया को पीछे छोड़ देने की प्रतिस्पर्धा और अपनी टी आर पी बढ़ाने के चक्कर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एक ऐसे अंधे कुएं में जा गिरा जिधर से बाहर निकलना अब उसके बस के बाहर की बात ही गई है ।

इलेक्ट्रोनिक मीडिया के व्यवहार पर देश के मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन्ना ने जो टिप्पणी की वह इलेक्ट्रोनिक मीडिया के मालिकों और उनके संपादकों पर एक प्रश्न चिन्ह लगती है उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि कई न्यायिक मुद्दों पर गलत सूचना और एजेंडा चलाना लोकतंत्र के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया और सोशल मीडिया शून्य जवाबदेही के तहत काम कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया अदालतों के आदेश को तोड़-मरोड़कर देश की न्यायपालिका की छवि गलत तरीके से पेश करते हैं इससे न्यायाधीशों के आदेश पर कई सवाल खड़े होने लगते हैं। मुख्य न्यायमूर्ति ने ये भी कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संयम रखें। मीडिया ऐसे मसलों पर बहस करवाती है जो अदालतों में लंबित हैं ऐसे संवेदनशील मुद्दों को उछालती भी है।इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ÷कंगारू कोर्ट÷ चला रहा है। जिसका अर्थ है÷ ऐसी अदालत जिधर असंवैधानिक और गैरकानूनी तरीके से किसी को सजा दी जाती है या एक तरफा निर्णय सुनाया जाता है÷ आपने जोर देकर कहा की प्रिंट मीडिया अब भी जवाबदेह है लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की कोई जवाबदेही नहीं बची है,इसके अलावा सोशल मीडिया की स्थिति तो इससे भी बदतर है जिस पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है अदालतों के खिलाफ खुले आम टिप्पणियां की जा रही हैं उन पर

मानसिक दवाब बनाने की कुत्सित कोशिश की जाती है ।

इलेक्ट्रोनिक मीडिया के इस गैरजिम्मेदाराना रुख को देखते हुए दो साल पहले सुप्रीम ने कहा था कि इलेक्ट्रानिक मीडिया के नियमन की जरूरत है लेकिन सरकार ने प्रेस की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए कहा था कि प्रेस पर नियंत्रण रखना लोकतंत्र के लिये घातक होगा। यदि हमें स्वस्थ लोकतंत्र चाहिए तो प्रेस स्वतंत रखना जरूरी है और फिर देश का संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी देता है यदि हम तटस्थ दृष्टि से इलेक्ट्रोनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया की तुलना करें तो ये पाएंगे कि प्रिंट मीडिया आज भी जिम्मेदारी और पत्रकारिता के मानकों के हिसाब से चल रहा है शायद यही कारण है कि दिन भर न्यूज चैनल्स पर चलने वाली खबरें देखने के बाद भी आम आदमी को सुबह अखबार का इंतजार रहता है जो उसकी विश्वसनीयता का ठोस सबूत है पत्रकारिता की ये जिम्मेदारी है कि वो समाज मैं फैली विसंगतियों पर चोट करे, विषमताओं को दूर करने के लिए सरकारों पर दवाब बनाए और यदि सरकार कोई गलत काम कर रही है तो वह पत्रकारिता के माध्यम से आम जनता के सामने उसे भी लाए लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि इलेक्ट्रॉनिक चैनल्स पर इन तमाम मुद्दों को दरकिनार कर समाज को बांटने के मुद्दों पर रोज शाम को बहस करवाई जाती है जिनमें तमाम राजनीतिक दलों के प्रवक्ता एक दूसरे को नीचा दिखाने का कोई भी मौका अपने हाथ से नहीं जाने देते । आम आदमी की समस्याएं जो सुबह शाम उसे परेशान करती हैं उनसे उसका दूर-दूर तक वास्ता नहीं रहता उनके लिए राजनीतिक उठापटक, आरोप-प्रत्यारोप, हिंदू मुसलमान, मंदिर मस्जिद जैसे मुद्दे सबसे महत्वपूर्ण होते है जबकि प्रिंट मीडिया जो खबर देता है वह उसे अच्छी तरह से जांच पड़ताल करने के बाद ही अपने पाठकों तक पंहुचाता है देश के स्वतंत्रता संग्राम में अखबारों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है अनेक अखबारों के संपादकों को अंग्रेजी हुकूमत ने जेलों में डाला, उन पर जुर्माने लगाए, अखबार बंद करने की कोशिश की गई लेकिन अखबार अपने उद्देश्य से कतई पीछे नहीं हटे अंग्रेजी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एक जन जागरण अभियान अखबारों के माध्यम से देश के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने चलाया उसका ही प्रतिफल था कि अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन वर्तमान पत्रकारिता जिसे ÷टीवी जर्नलिज्म÷ कहा जाता है।

# अर्पिता मुखर्जी : मैय्या मौ नहीं माखन खायें!

### सूडोकु नवताल- 6155

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6154 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

अरविन्द प्रेमचंद जैन

कभी कभी छोटे बच्चे के मुंह से कोई झूठ भोलेपन से बोली जाती हैं तब बरबस हंसी आ जाती हैं। कारण वह देखकर समझकर झूठ बोल रहा हैं। यह बात उस समय की हैं जब हमारे यहाँ छोटे घर होते थे और परिवार जनो की संख्या असीमित रहती थी। उस समय भी बड़े भाई से कोई पूछता छोटा भाई कहाँ गया तो वे कहते थे मुझे नहीं मालूम ,कहीं खेलने गया होगा। जैसे किसी जिले के मुखिया से पूछो महोदय उक्त घटना हो गयी तो वे कहते हैं ,देखता ,सम्बंधित से पूछता हूँ ,कारण जिला भी बहुत बड़ा होता हैं और जब एक घर की जानकारी नहीं रहती तब जिले की जानकारी पाने के लिए इतने विभागीय अमला लगा रहता हैं कारण इतने सारे विभागों से जानकारी इकट्ठा करना कठिन और दुरूह कार्य हैं। ऐसे ही प्रदेश के मुखिया भी बहुत सी बातें से अनभिज्ञ रहते हैं उनको भी उनके सहायक सहयोग करते हैं।

कभी कभी साहित्यकारों को कोई सन्दर्भ ढूढ़ने बहुत समय लगता हैं कारण साहित्य अपरम्पार होता हैं। पर गुप्तचरी एक ऐसी विधा हैं जो किसी के पेट से क्या कहीं भी छुपा हुआ धन ,अपराधी हो उनसे बच नहीं सकता कारण गुप्तचरी राजा की तीसरी आँख होती हैं। वैसे राजा या बलशाली की मित्रता और शत्रुता नुकसानदायी होती हैं।



पश्चिम बंगाल के मंत्री का इ डी द्वारा छापा मारे जाने पर उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी द्वारा यह कहा जाना की मुझे नहीं मालूम हैं कि मेरे घर में क्या होता रहा और कौन ने क्या किया ?बात बहुत सीमा तक ग्राह नहीं हैं। कारण कोई भी उनके दरवाजा को लांघ कर भीतर नहीं जा सकेगा। और उनको पता भी न चल पाए !कारण एक दिन का मामला नहीं हैं वर्षों का मामला हैं। और मंत्री से उनकी अंतरंगता बिना कुछ नहीं हो सकता। और अर्पिता इतनी नादान और भोली नहीं हैं कि मैय्या मौ नहीं माखन खायो। उनका बंगला राष्ट्रपति भवन तो नहीं होगा की कौन क्या कर रहा हैं।

वैसे हर अपराधी हमेशा यही कहता हैं की मैं इससे बहुत अनजान हूँ ,मैंने अपराध नहीं किया। हां यही क्षण मुसीबत बनता हैं कारण यदि आप स्वेच्छा से अपनी गलती मानकर उसको स्वीकार कर लो तो बहुत हद तक बचत हो जाती हैं। खुफ़िआ तंत्र पुख्ता सबूत के आधार पर कार्यवाही करता हैं और उसके बाद वह नहीं छोड़ता।

हर आदमी हो दो रोटी पेट के लिए चाहिए पर पेटी के लिए असीमित /अमर्यादित ऐसा क्यों ?मानव लोभ के वश अंतहीन तृष्णा के कारण मौत के मुंह में समा जाता हैं। सीमा रखो। और इतना सब रूपया -पैसा सोना- चांदी घर-बंगला का संग्रह कर भी लो वह भी किसके लिए ?बाल्मीकि से कोई शिक्षा नहीं लेता ,आज किसी के पाप में कोई भी भागीदारी /हिस्सेदारी नहीं बांटता /निभाता इस समय स्वयं

अपराधी और स्वयं जेल जाओ ,सजा काटो। सीमित भोजन हानिकारक नहीं होता।

अन्याय से धन कमाने की अपेक्षा दरिद्री रहना अच्छा ,जिस प्रकार दुबला मनुष्य मोटे होने के लिए शरीर में शोथ (सूजन चढ़ा ले उससे दुबला अच्छा।

क्यों इतनी लोभ की जरुरत हैं पर लोभ पाप का बाप बखाना ,इसी लोभ के कारण आज सजा भोग रहे हैं। पानी का धन पानी में और नाक कटी बेईमानी में।

सुख में सब साथी तो दुःख में भी मंत्री साथी हैं पर मुश्किल यह हैं की दोनों को अलग अलग रहना होगा।

## भारत के लोकतंत्र की दशा?

डॉ.वेदप्रताप वैदिक

सोनिया गांधी और राहुल गांधी आजकल 'नेशनल हेराल्ड' घोटाले में बुरी तरह से फंस गए हैं। मोदी सरकार उन्हें फंसाने में कोई कसर छोड़ नहीं रही है। वे दावा कर रहे हैं कि वे साफ-सुथरे हैं। यदि यह दावा ठीक है तो वे डरे हुए किस बात से हैं? जांच चलने दें। दूध का दूध और पानी का पानी अपने आप हो जाएगा। वे खरे तो उतरेंगे ही। सरकार की इज्जत पैदें में बैठ जाएगी लेकिन ऐसा लगता है कि दाल में कुछ काला है। इसीलिए आए दिन धुआंधार प्रदर्शन हो रहे हैं। दर्जनों कांग्रेसी सांसद और सैकड़ों कार्यकर्ता हिरासत में जाने को तैयार बैठे रहते हैं। अब उन्होंने अपने नेताओं को बचाने के लिए नया शोशा छोड़ दिया है। मंहगाई, बेरोजगारी और जीएसटी का। इनके कारण जनता परेशान तो है लेकिन फिर भी वह कांग्रेस का साथ क्यों नहीं दे रही है? देश के लोग हजारों-लाखों की संख्या में इन प्रदर्शनों में शामिल क्यों नहीं हो रहे हैं? इन प्रदर्शनों के दौरान राहुल गांधी के बयानों में थोड़ी-बहुत सत्यता होते हुए भी उन्हें कहने का तरीका ऐसा है कि वे हास्यास्पद लगने लगते हैं। जैसे राहुल का यह कहना कि भारत में लोकतंत्र की हत्या हो गई है। वह भूतकाल का विषय बन गया है। राहुल को आपात्काल की शायद कोई भी याद नहीं है। राहुल को मोदी-शासन शुद्ध तानाशाही लग रहा है। क्यों नहीं लगेगा? कांग्रेस को मोदी ने मां-बेटा पार्टी में सीमित कर दिया है। इस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की साख निरंतर घटती चली जा रही है। यदि कांग्रेसी नेता अब कोई सही बात भी बोलें तो भी लोग उस पर भरोसा कम ही करते हैं। जहां तक लोकतंत्र का सवाल है, जब कांग्रेस पार्टी जैसी महान पार्टी ही प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है तो भाजपा की क्या बिसात है कि वह लोकतांत्रिक पार्टी होने का आदर्श उपस्थित करे? हमारे देश की लगभग सभी प्रांतीय पार्टियां उनके नेताओं की जेबी पुड़िया बन गई हैं। भाजपा के राज में लगभग सभी पार्टियों का आंतरिक लोकतंत्र तो हवा हो ही गया है, अब पत्रकारिता याने खबरपालिका भी लंगड़ी होती जा रही है। लोकतंत्र के इस चौथे खंभे में अब दीमक बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री की पत्रकार-परिषद का रिवाज खत्म हो गया है। सरकार का मुंह खुला है और कान बंद है। संसद के सेंट्रल हाल में अब पत्रकारों का प्रवेश वर्जित है। वहां बैठकर देश के बड़े-बड़े नेता पत्रकारों से खुलकर व्यक्तिगत संवाद करते थे। पत्रकारों को अब प्रधानमंत्री की विदेश-यात्राओं में साथ ले जाने का रिवाज भी खत्म हो गया है। 'महिला पत्रकार क्लब' से अब सरकारी बंगला भी खाली करवाया जा रहा है।

# सैनिकों की कलाई पर बांधने के लिए विद्यार्थियों ने बनाई तिरंगा राखी

**अम्बाह।** आजादी के अमृत महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुए इस बार ब्राइट कैरियर एकेडमी के विद्यार्थियों ने तिरंगा राखी बनाई हैं, यह तिरंगा राखी देश की सरहदों की रक्षा करने वाले सैनिकों की कलाइयों पर सजेंगीं। शनिवार को राखी मेकिंग कार्यक्रम के अंतर्गत 200 से अधिक तिरंगा राखी तैयार की गईं। राखी तैयार करने से पूर्व विद्यार्थियों को एकेडमी के संचालक डॉ सुधीर आचार्य नें आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले शहीद और बलिदानियों के जीवन के प्रेरक प्रसंग सुनाए।

विद्यार्थियों को बताया कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हम अमृत महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। यह अमृत महोत्सव विगत 75 वर्षों में देश की सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक उन्नति की गौरव गाथा बतलाता है। उन्होंने कहा कि जब देश में आजादी का अमृत महोत्सव और घर-घर तिरंगा फहराने की कार्यक्रम चल रहे हैं, ऐसे में देश के वीर सपूतों कोई स्मरण करना आवश्यक है। देश की हिफाजत करने वाले अमर वीर सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र भेजने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही सेना और आर्मी से सेवानिवृत्त सैनिकों की कलाइयों पर भी रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम अति शीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा प्रतीक्षा अग्रवाल संगीता तोमर पिंकी तोमर रजनी शर्मा अर्जुन तोमर गौरव शर्मा लोकेंद्र गुर्जर सनी जैन भूपेंद्र सिंह तोमर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### छात्राओं के साथ-साथ छात्रों ने भी बनाए रक्षा सूत्र

राखी बनाने के लिए जहां लड़कियों में खासा उत्साह था और उन्होंने बढ़-चढ़कर तिरंगा राखी बनाई वहीं कुछ छात्रों ने भी देश के सैनिकों के लिए भेजे जाने वाली राखी का जिक्र सुनकर राखी बनाई। विद्यार्थियों ने तरह-तरह की डिजाइनर और घर पर अनुपयोगी सामग्री का उपयोग करके अत्यंत उपयोगी रक्षा सूत्र बनाएं। कक्षा नवी की छात्रा गुनगुन जैन राखी बनाते हुए उसमें एक इंतजार करते सैनिक का फोटो भी बनाया। गुनगुन जैन ने बताया कि अपने घर परिवार से दूर सैनिक रक्षा सूत्र का इंतजार ऐसे ही करते होंगे। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि मैं सैनिकों के लिए राखी बना पा रही हूं। हम स्कूल में रह कर अपने देश, अपनी संस्कृति, अपनी धरोहर और संस्कारों से जुड़ रहे हैं।

## आचार्य आनंद टीम की बरबाई पोरसा से सबलगढ़ तक तिरंगा यात्रा 8 को

**मुरैना।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर योद्धाओं का पुण्य स्मरण करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव और घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान से संबंद्ध आचार्य आनन्द क्लब टीम 8 अगस्त सोमवार को अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की पैतृक भूमि बरवाई पोरसा से सबलगढ़ तक तिरंगा यात्रा लेकर पहुंचेंगी। उक्त आशय की जानकारी तिरंगा यात्रा प्रभारी और संयोजक डॉ सुधीर आचार्य ने देते हुए बताया कि 8 अगस्त को प्रातः 7:00 बजे बरवाई पोरसा से अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के पैतृक गांव से यात्रा प्रारंभ होगी जो अंबाह दिमनी, मुरैना, जौरा, कैलारस होते हुए सबलगढ़ पहुंचेगी। यात्रा मैं जगह-जगह लोगों को शामिल होने और हर घर तिरंगा फहराने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करने की अपील तिरंगा यात्रा के सहयात्री बालकृष्ण शर्मा, देव गुर्जर, अरविंद मावई, दुष्यंत सिंह तोमर, अजय जैन, बिंदुसार सिंह तोमर, अंकित मिश्रा, महेंद्र सखवार, मनोज पंडित, नरेश परमार, दीपक भोला, सुजाता तोमर, श्याम सिकरवार, मणिन्द्र कौशिक, कृष्णवीर सिंह तोमर, नीतू भारद्वाज, क्षमा कौशिक, भूपेंद्र तोमर, अवधेश, अरविंद शर्मा, लोकेंद्र, गौरव, सनी, अर्जुन सिंह आदि ने की है।

### यात्रा में शहीद वेशभूषा में शामिल होंगे विद्यार्थी

आजादी का अमृत महोत्सव होने के कारण है यात्रा में प्रमुख रूप से 75 लोग सहभागी होंगे और 25 अन्य सहयोगी जत्था रहेगा, कुल सौ लोग शामिल रहेंगे। सुधीर आचार्य ने बताया कि सभी 75 यात्री तिरंगा वेशभूषा में एवं कुछ यात्री अमर शहीदों की वेशभूषा में नजर आएंगे। इस यात्रा में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी भागीदारी करेंगी।

# जौरा एवं अंबाह में उपाध्यक्ष पद को लेकर घमासान

### अंबाह में हुआ जमकर पथराव, जौरा में उपाध्यक्ष पद के चुनाव में विधायक ने कराई अशोक गर्ग की मारपीट

**मुरैना।** शनिवार को जिले की जोरा एवं अंबाह तहसील में नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न होने के दौरान जोरा में भाजपा विधायक के इशारे पर निर्दलीय महिला पार्षद के पति की जमकर मारपीट कर दी गई और उन्हें घुसने तक नहीं दिया गया, तो वहीं अंबाह में टेंडर वोट डाले जाने को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा समर्थकों में जमकर पत्थरबाजी हुई, जिससे वहां दहशत फैल गई और कई लोगों को चोटें आई हैं। हालांकि अंबाह, जौरा एवं बानमोर तीनों नगर पालिका नगर परिषद में भाजपा के अध्यक्ष काबिज हुए हैं।

बताया जाता है कि अंबाह नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चुनाव के दौरान टेंडर वोट डाले जाने को लेकर कांग्रेस द्वारा विरोध किया गया, जिस पर दोनों दल कांग्रेस व भाजपा के समर्थकों में जमकर पथराव हुआ। पथराव की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। पथराव के चलते नगर पालिका क्षेत्र में दहशत फैल गई और पुलिस द्वारा कांग्रेस से अध्यक्ष पद के दावेदार मधुराज तोमर को पकड़ने का प्रयास किया गया, वहीं उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती शशि तोमर पत्नी स्वर्गीय नीतू तोमर निर्वाचित हुई हैं। इधर जौरा नगर परिषद में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध अखिल माहेश्वरी निर्वाचित हो गए तो वहीं उपाध्यक्ष के लिए जमकर घमासान हुआ। जौरा के वार्ड क्रमांक 7 से अपनी पत्नी को निर्दलीय चुनाव जिताने वाले अशोक गर्ग ने मीडिया के समक्ष बताया कि उपाध्यक्ष पद के लिए उनकी पत्नी दावेदार थी और नगर परिषद में परमिशन के लिए वह 3 दिन पूर्व एसडीएम के पास गए तो उन्होंने एंट्री की परमिशन नहीं दी और कहा कि किसी को परमिशन नहीं दे रहे हैं, जबकि शनिवार को उपाध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान भाजपा के जौरा विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार अपने एक सैकड़ा गुंडों के साथ वहां मौजूद थे और उन्हे अंदर जाने तक नहीं दिया गया। इस बात का विरोध किया गया तो विधायक द्वारा उन्हें गालियां दी गई तथा अंदर बुलाकर उनकी मारपीट की गई, जिससे उनके कपड़े फट गए और उनको काफी चोट आई है। अशोक गर्ग ने कहा कि उनके पास पूरी रिकॉर्डिंग है और वरिष्ठ अधिकारियों से मांग करते हैं कि विधायक एवं उनके लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। श्री गर्ग ने यह भी आरोप लगाया कि उपाध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान भाजपा की महिला पार्षदों के पति एवं पुत्र ऐसे कई लोगों को परमिशन दी गई, जिन पर थाने में अपराध दर्ज हैं, जबकि उन्हें एवं उनके लोगों को अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने प्रशासन पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया।

## माईक व आईडी कलेक्ट्रेट गेट पर टांग कर किया पत्रकारों ने प्रदर्शन

**मुरैना।** शनिवार को प्रशासन एवं पुलिस द्वारा पत्रकारों के साथ की गई अभद्रता को लेकर दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया और कलेक्टर कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर अपने मोबाइल एवं आईडी कार्ड टांग कर नारेबाजी की। साथ ही द्वितीय ज्ञापन जनसंपर्क विभाग के रामनिवास टुण्डेलकर को दिया गया। शुक्रवार को सभापति चुनाव के दौरान जिला कलेक्टर द्वारा मीडिया को प्रतिबंधित किए जाने एवं कलेक्ट्रेट गेट पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों के साथ लाईन सूबेदार मलखान सिंह द्वारा की गई। धक्का-मुक्की एवं अभद्रता के विरोध में 4 घंटे जमकर प्रदर्शन किया गया और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। घटना के दूसरे दिन शनिवार को सभी पत्रकारों ने एकजुटता दिखाते हुए पुनः कलेक्टर कार्यालय के गेट पर पहुंचकर अपने माइक एवं आईडी कार्ड गेट पर टांगकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया एवं जनसंपर्क विभाग के बाबू को द्वितीय ज्ञापन गृहमंत्री, डीजीपी, आईजी के नाम प्रेषित किया गया। इसी क्रम में 7 अगस्त रविवार को पत्रकारों द्वारा फिर से धरना प्रदर्शन गांधी बाल निकेतन पार्क पर किया जाएगा और तृतीय ज्ञापन दिया जाएगा। पत्रकारों की मांग है कि सभापति चुनाव में पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने पर मुरैना कलेक्टर पर कार्यवाही की जावे एवं लाइन सूबेदार मलखान सिंह को निलंबित किया जाए, जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक इसी प्रकार आंदोलन चलता रहेगा।

# अंबाह नगर पालिका में 14 वोट पाकर भाजपा की अंजली जैन बनी अध्यक्ष

### - कांग्रेस के एक पार्षद ने की क्रास वोटिंग

**मुरैना।** अंबाह नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव शुक्रवार को संपन्न कराया गया जिसमें भाजपा की तरफ से अंजली जिनेश जैन ने अपना नामांकन दाखिल किया, वहीं कांग्रेस की ओर से मंजू मधुराज सिंह तोमर ने अपना फार्म जमा किया। चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के बाद जब मतों की गणना की गई तो यहां अंजली जैन को कुल 18 वोट में से 14 वोट मिले। वहीं कांग्रेस की मंजू तोमर को महज 4 ही वोट मिले। खास बात यह है कि यहां कांग्रेस के पास 5 पार्षद थे। वहीं भाजपा के पास 9 पार्षद थे। इस बीच भाजपा को 4 निर्दलीय व एक कांग्रेस पार्षद का भी वोट मिल गया। जिसके बाद 10 वोट से अंजली जैन ने अध्यक्ष का चुनाव जीत लिया। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही मतदान स्थल के बाहर तनातनी शुरू हो गई थी। दरअसल यहां कुल 9 टेंडर वोट डाले जाने थे, जिसका बाहर खड़े कांग्रेस के पदाधिकारी लगातार विरोध कर रहे थे। कांग्रेस के मधुराज सिंह तोमर, ब्लाक अध्यक्ष उमाचरण शर्मा व पूर्व जनपद अध्यक्ष राम सिंह तोमर ने मतदान स्थल के अंदर बैठे एसडीएम को एक अपना ज्ञापन भी भेजा। जिसमें जबरन टेंडर वोट डालने जाने का विरोध किया गया, लेकिन इस विरोध को दरकिनार कर दिया गया। जिसके बाद यहां हुई वोटिंग के बाद कांग्रेस के एक पार्षद ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर दिया। उधर जीत के बाद मतदान केंद्र के बाहर पथराव हो गया। अध्यक्ष का चुनाव एक तरफा होने के बाद कांग्रेस के 4 पार्षदों ने उपाध्यक्ष के निर्वाचन का वहिष्कार कर दिया, जिसके बाद 4 पार्षद बाहर आ गए। उधर भाजपा की जीत पर नारेबाजी होते ही मतदान केंद्र के बाहर खड़े लोगों ने पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा। इसके बाद सभी वहां से चले गए। यहां कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशासन पर पक्षपात व सरकार के साथ काम करने का आरोप लगा रहे थे। उधर उपाध्यक्ष के लिए कुल 3 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन जमा कराया, जिसमें निर्दलीय शशि तोमर, भाजपा की ब्रजेश अशोक कपासिया व कांग्रेस की रचना सोनू तोमर ने नामांकन जमा कराया। मतदान के बाद परिणाम घोषित होने पर निर्दलीय शशि तोमर को 10 वोट प्राप्त हुए। जिस पर उन्हें उपाध्यक्ष घोषित किया गया, वहीं भाजपा की ब्रजेश कपासिया को 7 वोट व कांग्रेस की रचना को एक वोट मिला।

# रूबी की करंट लगने से मौत, परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**मुरैना।** सिंहोनिया थाने के ग्राम लेपा में शुक्रवार की सुबह एक 21 वर्षीय विवाहिता की करंट लगने से मौत हो गई, तो वहीं परिजनों द्वारा दहेज के लिए ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा मेडिकल बोर्ड से शव का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी और मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भिंड निवासी रूबी का विवाह कुछ समय पूर्व ही प्रदीप सिंह तोमर निवासी लेपा सिंहोनिया से हुआ था। युवती प्राइवेट स्कूल में टीचर बताई जाती है। थाना प्रभारी पवन भदौरिया ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 8 बजे के लगभग घर में काम करते समय रूबी को करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, वहीं इस मामले में मृतका रूबी के परिजन ससुरालियों पर दहेज के लिए मारने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस द्वारा मृतिका के परिजनों की मांग पर उसके शव का पीएम मेडिकल बोर्ड से कराया गया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जौरा में महंगाई को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल, सिलेंडर रखकर किया विरोध

**मुरैना।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रीमती संजू शर्मा के नेतृत्व में महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस ने जिले की जौरा तहसील में जमकर प्रदर्शन किया और महंगाई पर लगाम लगाने के लिए राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया।

श्रीमती शर्मा ने ज्ञापन में कहा है कि भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा लगातार महंगाई बढ़ाई जा रही है। गैस सिलेंडर पेट्रोल-डीजल सहित मकान बनाने की सामग्री एवं खाद्य वस्तु जैसे दूध, दही, घी पर पहले से ही वृद्धि थी और अब उस पर जीएसटी लगाकर जनता की कमर तोड़ दी है, जिससे देश भर की जनता महंगाई की मार से जूझ रही है और ग्रहणियों का बजट खराब हो गया है। देशभर में आम जनता महंगाई के बोझ तले दबी जा रही है, गरीबों के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो गया है, लेकिन सरकार महंगाई पर बोलना नहीं चाहती और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री तथा उनके मंत्रियों की सांठगांठ से खाद्य सामग्री पर जीएसटी लगा दी गई है, फिर भी झूठी योजनाओं का ढिढोरा पीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की वित्त मंत्री कहती है कि महंगाई नहीं है, जबकि जनता का महंगाई से बुरा हाल है। अब जनता के सब्र का बांध का टूटता जा रहा है और आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा को समझ में आ जाएगा कि जनता के साथ छलावा करने का अर्थ क्या होता है। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में पूजा भारती, मधु यादव, शशि सक्सेना, संजय जानवर, कमलेश श्रीवास्तव, विमलेश, मंजू सिकरवार, आशा, रानी, राजश्री, रेखा, पुष्पा, त्रिवेणी, मुन्नी, शीला सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थी।

# ग्राम पंचायतों के सभी जनप्रतिनिधि सरकार की जन विकास कल्याण योजनाओं नीचे स्तर तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं - ओपीएस भदौरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

## मेहगांव जनपद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशा देवी जाटव एवं उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**भिण्ड।** मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशा देवी जाटव एवं उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया को एसडीएम ने शपथ दिलाकर उन्हें पदभार ग्रहण कराया और वही 25 जनपद सदस्यों ने भी ली शपथ तथा आजादी के 75 अमृत महोत्सव के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से तिरंगा फहराया जाएगा इसका प्रस्ताव पारित किया गया द्य इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया ,मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के के पूर्व अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया, जिला उपाध्यक्ष सुधा राठोर, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया मंचासीन थे द्य

मेहगांव जनपद कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब शासन की योजनाओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की योजनाओं को गरीब मजदूर और किसानों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे क्षेत्र की जनता ने मुझे विकास के लिए यह कुर्सी सौंपी है आप सभी के जन सहयोग के साथ भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे द्य

राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि ग्राम पंचायत एवं जनपद नगरीय निकाय यह राज्य सरकार की विकास की कड़ी होते हैं और भारतीय जनता पार्टी सेवा भाव से कार्य करती है सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं जिला जनपद सदस्य अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए शासन की विकास जन कल्याण योजनाओं को हर गरीब तक पहुंचाने का कार्य कर उन्हें लाभ दिलाएं ताकि वे स्वयं आत्मनिर्भर बने और ग्राम पंचायतों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करें केंद्र में भाजपा की सरकार मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार है और विकास में भी कोई कमी नहीं आने दी जाएगी द्य उन्होंने मंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ग्राम पंचायतों को विकास योजनाओं के माध्यम गरीब मजदूर किसानों मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत कार्ड योजना, गरीबों को उचित दुकान पर मिलने वाले राशन का वितरण सही तरह से किया जाए और सड़क बिजली पानी साथ ही मूलभूत सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को मिले इसके लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच और जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य विशेष रुप से ध्यान दें कि हम भी एक सरकार के अंग हैं द्य

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि आजादी का 75 वा अमृत महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है । हम सब ग्राम पंचायतों के सरपंच,उपसरपंच,पंच एवं ग्रामीण अंचल में रहने वाले सभी सर्व समाज के लोग संगठित होकर अपने-अपने घर पर एक तिरंगा लगाएं ताकि हमारी मुख्य पहचान और कराने में बलिदान देने वाले महापुरुषों के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करें राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि हम सब मिलकर मेहगांव के विकास को आगे बढ़ाएंगे और गरीब मजदूर किसानों तक योजनाओं को पहुंचाने का लक्ष्य हम सभी जनप्रतिनिधियों के कंधों पर है और इसमें आप की ही भूमिका के साथ मेहगांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे द्य उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्य सिर्फ सत्ता प्राप्ति का नहीं रहा उन्होंने जन सेवा भाव का भी कार्य किया है हम सब जन प्रतिनिधि एक साथ होकर अपनी ताकत को विकास के माध्यम से जमीनी रूप देंगे उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मेहगांव विधानसभा क्षेत्र की विकास यात्रा को अब्बल बनाए रखने के लिए मैं आपको विश्वास दिलाता हूं पूरी निष्ठा समर्पण और सेवा भाव से अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करूंगा द्य उन्होंने कहा कि संयोगवश अयोध्या में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर के सन्यास के साथ राम राज्य के नवीन युग का आरंभ हुआ था।

# वृक्षारोपण और ऊर्जा संरक्षण हमारे भविष्य के लिए बहुत जरूरी है- कलेक्टर

## करैरा में पीके यूनिवर्सिटी में अंकुर अभियान और ऊर्जा साक्षरता अभियान की जानकारी दी

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए अंकुर अभियान और ऊर्जा संरक्षण की दिशा में ऊर्जा साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। वृक्षारोपण और ऊर्जा संरक्षण दोनों ही भविष्य के लिए बहुत जरूरी है इसलिए इन अभियान से सभी जुड़े।

करैरा में पीके यूनिवर्सिटी में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल अन्य अधिकारियों के साथ पहुंचे और वहां अंकुर अभियान और उर्जा साक्षरता अभियान की जानकारी दी। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि अंकुर अभियान में जिले में अच्छा कार्य किया है। लेकिन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सभी को भागीदारी करनी होगी। वहां उपस्थित सभी नागरिकों को वायुदूत ऐप और ऊषा एप की जानकारी दी। यूनिवर्सिटी के परिसर में वृक्षारोपण किया और वायुदूत ऐप पर फोटो अपलोड किये। हम सभी नागरिकों को भी अंकुर अभियान के तहत वृक्षारोपण करने के लिए कहा।

# सीरवी समाज के 14 वडेरो ने जितु भाई को समर्थन देने की भरी हुंकार

पुष्पांजली टुडे /नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो सीफ

**मुम्बई**–भारतीय सीरवी महासभा महाराष्ट्र प्रान्त के अध्यक्ष पद के लिए 14/08/2022, रविवार को खारघर वडेर के प्रांगण में नयी कार्यकारिणी का गठन होने जा रहा है। इसी के उपलक्ष में दिनांक 05/08/2022, शुक्रवार के दिन सीरवी विकास मण्डल विरार के बनेर तले श्री आईमाताजी वडेर विरार में मीटिंग आयोजित की गई। जिसके आयोजक जीतू भाई सेबटा थे। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए जितेन्द्र सेबटा, निवासी दादाई, हाल अंधेरी ने अपनी दावेदारी जाहिर की। सीरवी समाज के 14 वडेरो के पदाधिकारियों ने जीतू भाई को समर्थन देने का आश्वासन दिया। सीरवी समाज विरार, सीरवी समाज नालासोपारा, सीरवी समाज वसई, सीरवी समाज नायगांव, सीरवी समाज पालघर-बोईसर, सीरवी समाज सफाला, सीरवी समाज मीरा-भायंदर, सीरवी समाज दहिसर, सीरवी समाज बोरीवली, सीरवी समाज कांदिवली, सीरवी समाज मलाड, सीरवी समाज गोरेगांव, सीरवी समाज घाटकोपर-अंधेरी, सीरवी समाज ठाणे के 14 वडेरो के पदाधिकारियों ने समर्थन देने का आश्वासन दिया । जिसमें विरार वडेर के अध्यक्ष विजय सोलंकी एवम सम्पूर्ण कार्यकारिणी, नालासोपारा के अध्यक्ष नाथूलाल मुलेवा, वसई के अध्यक्ष अशोक वरपा, नायगांव के अध्यक्ष उमाराम वरपा, मीरा भायंदर के सचिव पुखराज चोयल, कांदिवली के अध्यक्ष खंगाराराम चोयल, गोरेगांव के अध्यक्ष ताराराम काग, घाटकोपर अंधेरी के पूर्व अध्यक्ष रतिलाल परमार, ठाणे से मोहनलाल राठौड़ सभी वडेरो के पदाधिकारी एवम सम्पूर्ण कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जीतू भाई ने समाज को विश्वास दिलाया कि समाजसेवा के लिए हरदम तैयार रहूँगा। सीरवी समाज की जन भावनाओं को देखते हुए मेने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है। मातृशक्ति के लिए भी अच्छा कार्य करूंगा ऐसा जीतू भाई ने समाज की बहनों को विश्वास दिलाया। मेरे लिए समाज सर्वोपरि है। सभी वडेरो के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचारों से सम्बोधित किया। मीटिंग बहुत ही सकारात्मक व समाजहित के विचार वाली रही। यह जानकारी सीरवी विकास मण्डल विरार संस्था के मीडिया प्रभारी नगाराम एस. गेहलोत ने दी।

# मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक अब भोपाल में 23 अगस्त को नक्सलवाद-साइबर अपराध सहित कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**भोपाल।** छह अगस्त को रायपुर में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक अब भोपाल में 23 अगस्त को होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों सहित अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में राज्यों के आर्थिक विकास, सुरक्षा और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। मध्य प्रदेश में होने वाली इस बैठक में राज्यों में बढ़ रहे साइबर अपराध और नक्सलवाद सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। इससे पहले वर्ष 2020 में छत्तीसगढ़ में यह बैठक आयोजित की गई थी, इसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री कमल नाथ शामिल हुए थे। केंद्र सरकार द्वारा गठित वैधानिक संस्था मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री व अधिकारी शामिल होंगे। इस परिषद का गठन राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर 1956 में किया गया था। इसके तहत सभी राज्यों को छह परिषद में बांटा गया है। राज्यों के बीच आपसी समन्वय, आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा कर केंद्र सरकार से समाधान निकालना परिषद की जिम्मेदारी है।

# अटेर जनपद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमलादेवी शर्मा एवं उपाध्यक्ष गीता यादव को एसडीएम ने दिलाई शपथ

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** अटेर विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत अटेर की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती कमला देवी नारायण शर्मा एवं उपाध्यक्ष श्रीमती गीता देवी यादव को एसडीएम उदय सिंह सिकरवार ने शपथ दिलाकर उन्हें पदभार ग्रहण कराया और वही 25 जनपद सदस्यों ने भी ली शपथ तथा आजादी के 75 अमृत महोत्सव के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से तिरंगा फहराया जाएगा इसका प्रस्ताव पारित किया गया द्य इस अवसर पर भाजपा नेता विकास शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे द्य

अटेर जनपद की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती कमला देवी शर्मा ने अपना पदभार ग्रहण करते हुए उपस्थित जनपद निर्वाचित सदस्य एवं विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब शासन की योजनाओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की योजनाओं को गरीब मजदूर और किसानों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे क्षेत्र की जनता ने मुझे विकास के लिए यह कुर्सी सौंपी है आप सभी के जन सहयोग के साथ भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे द्य

जनपद अध्यक्ष कमला देवी ने कहा की आजादी का 75 वा अमृत महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है । हम सब ग्राम पंचायतों के सरपंच उपसरपंच पंच एवं ग्रामीण अंचल में रहने वाले सभी सर्व समाज के लोग संगठित होकर अपने-अपने घर पर एक तिरंगा लगाएं ताकि हमारी मुख्य पहचान, और कराने में बलिदान देने वाले महापुरुषों के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करें द्य

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष गीता देवी यादव ने कहा कि हम सब मिलकर अटेर के विकास को आगे बढ़ाएंगे और गरीब मजदूर किसानों तक योजनाओं को पहुंचाने का लक्ष्य हम सभी जनप्रतिनिधियों के कंधों पर है और इसमें आप की ही भूमिका के साथ अटेर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे द्य उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्य सिर्फ सत्ता प्राप्ति का नहीं रहा उन्होंने जन सेवा भाव का भी कार्य किया है हम सब जन प्रतिनिधि एक साथ होकर अपनी ताकत को विकास के माध्यम से जमीनी रूप देंगे

# स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा - कलेक्टर

दैनिक पुष्पांजली टुडे

## स्वतंत्रता दिवस समारोह निर्धारित रूपरेखा और दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) की प्रारम्भिक तैयारियों के संबंध में बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष की तरह स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा राज्य शासन से समारोह के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी हो गए हैं। उसके हिसाब से आयोजन और कार्यक्रमों की रूपरेखा बनायी जाए। स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह प्रातः 09 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड भिण्ड में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान एडीएम प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, सीएमएचओ डॉ यूपीएस कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत अधिकारी/कर्मचारियों और आम जनता से अपील की कि वे अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों में 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्र ध्वज की गरिमा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराएं और लोगों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घरों में फहराने के लिए प्रेरित करें। ताकि आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में भी वृद्धि हो।

स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिवर्ष के अनुसार राष्ट्रगान एवं सशस्त्र पुलिस जवान, होमगार्ड, एसएएफ इत्यादि द्वारा परेड का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने कहा जिले के अन्य कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 08 बजे तक सम्पन्न कर लिए जाएं ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी जिले के मुख्य समारोह में उपस्थित हो सकें। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अपने अधिकारी/कर्मचारियों के नाम की सूची अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे एवं डिप्टी कलेक्टर पराग जैन को उपलब्ध करा दें। उन्होंने अधिकारी/कर्मचारियों से अपने-अपने निवास पर और कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज लगाने अपील की। इसके साथ ही निजी संस्थाओं से भी आग्रह किया वे अपने भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। कलेक्टर ने 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौपे गये हैं वे समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# ट्रांस्को ने सिहावल में तैयार किया सीधी जिले का 5वां अति उच्चदाब सब-स्टेशन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांस्को) ने सीधी जिले के सिहावल में 53.26 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से 132 के.व्ही. की 50 कि.मी. सिहावल-सीधी लाइन तथा 132 के.व्ही. का नया सब-स्टेशन तैयार किया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गत दिवस इस सब-स्टेशन को 50 एम.व्ही.ए. क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर के साथ ऊर्जीकृत किया गया और 33 के.व्ही. फीडरों से उपभोक्ताओं के लिए विद्युत आपूर्ति शुरू भी कर दी गई है। नये सब-स्टेशन के बनने से जहाँ सीधी जिले की पारेषण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है वहीं अब सिहावल क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता की बिजली उचित वोल्टेज पर प्राप्त हो सकेगी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जानकारी दी कि इस सब-स्टेशन के बनने से सबसे ज्यादा फायदा गिरूआ क्षेत्र को होगा, जिसे पहले 75 किलोमीटर दूरी पर स्थित त्योंथर सब-स्टेशन से 33 के.व्ही. की सप्लाई मिलती थी। अब गिरूआ क्षेत्र को मात्र 200 मीटर लंबी लाइन से सप्लाई मिलेगी, जिससे इस क्षेत्र को कम व्यवधान की गुणवत्ता पूर्ण बिजली उचित वोल्टेज पर प्राप्त हो सकेगी। इसी तरह बीछी को मिलने वाले सप्लाई 70 किलोमीटर की जगह 22 किलोमीटर लंबी लाइन से मिलने लगेगी और उकसा तथा अमिलिया क्षेत्र के लिये मात्र 12 किलोमीटर की लाइन होगी।

# इंदौर में आठ साल के बच्चे को कुचल कर थाने भागा टैंकर चालक, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

**इंदौर।** जिंसी में शुक्रवार शाम नगर निगम के टैंकर ने 8 वर्षीय मोहम्मद फराज की जान ले ली। सुभाष मार्ग की ओर से आ रहा टैंकर चालक इतना लापरवाह था कि लोगों के शोर मचाने के बाद भी वह नहीं रुका, बल्कि टैंकर लेकर थाने की तरफ भागा और पुलिसकर्मियों की गाड़ियों को चपेट में लेता गया जिसमें दो पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए।

एडिशनल डीसीपी जोन-1 जयवीरसिंह भदौरिया के मुताबिक घटना करीब पौने छह बजे की है। नगर निगम का टैंकर रोजाना बाथरूम की साफ-सफाई के लिए पानी लेकर आता है।जिंसी हाट मैदान में ताजिए रखे होने से आम दिनों की तुलना में ज्यादा चहल पहल हो रही थी। जिंसी में रहने वाले मोहम्मद अरफात उर्फ गुल्ली पहलवान का बेटा मोहम्मद फराज मोहल्ले के बच्चों के साथ खेलने गया था। शाम को वह कुरकुरे खाते हुए घर लौट रहा था तभी काली टंकी के सामने हादसे का शिकार हो

गया। चालक ने तेज रफ्तार में टैंकर मोड़ा और मोहम्मद फराज पर पिछला पहिया चढ़ा दिया।ताजिए देखने गए युवकों ने शौर मचाया और चालक को टैंकर रोकने के लिए इशारा किया मगर वह और तेज चलाने लगा। लोग पीछे दौड़े तो घबरा गया और थाने की तरफ भाग गया। इस दौरान भी दो गाड़ियों को टक्कर मार दी। घबराहट में उसने टैंकर नाली में चढ़ा दिया और पिटाई के डर से थाने में घुस गया।टक्कर से मल्हारगंज थाने का नेपालसिंह और महिला पुलिसकर्मी प्रीति बाल-बाल बची।हालांकि दोनों की गाड़ियां टैंकर के नीचे आने से चकनाचूर हो गईं।

### चप्पल और शर्ट देख दादा बोले यह तो मेरा फराज है

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मासूम फराज को रौंदने के बाद भी टैंकर चालक रुका नहीं था। लिहाजा फराज को करीब 15 फीट घसीटते हुए ले गया।शरीर के चीथड़े सड़क पर फैल गए। भीड़ को यह तो पता चल गया कि टैंकर ने बच्चे की जान ली है, लेकिन बच्चा कौन था यह पता नहीं चल सका।आधे घंटे बाद बच्चे के दादा भी देखने आए तो उसकी चप्पल और शर्ट देख कर पहचाना।लोगों ने घटना पर आक्रोश जताया और कहा कि पुलिसकर्मियों ने आने में देरी कर दी। सूचना के 20 मिनट बाद दो पुलिस जवान ही आए थे। स्थिति संभालने के लिए डीसीपी जोन-1 अमित तोलानी, एडीसीपी-जयवीरसिंह भदौरिया, एसीपी राजीवसिंह भदौरिया सहित चार थानों के बल को आना पड़ा। सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई और दुकानें बंद करवा दी। करीब दो घंटे बाद समझाइस के बाद भीड़ को हटाया गया। टीआइ राहुल शर्मा के मुताबिक चालक का नाम इंद्राज(विदिशा)। है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

### कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित न्यायाधीशों ने किया रक्तदान

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सभी अधिकारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रधान जिला न्यायाधीश दीपक गुप्ता, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, जिला न्यायाधीश एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण अर्चना सिंह ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि रक्तदान सर्वश्रेष्ठ दान है। यह जरूरतमंदों की मदद करता है। शिविर के दौरान रक्तदान के महत्व पर चर्चा की गई। प्रधान न्यायाधीश दीपक गुप्ता ने कहा कि आपका रक?तदान किसी के लिए जीवनदान हो सकता है, इसलिए इसे महादान' भी कहा जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित किए गए रक्तदान शिविर का उद्देश्य सेफ और सुरक्षित ब्लड डोनेशन को लेकर वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना है। रक्तदान शिविर में मानव सेवा के लिए 65 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में कलेक्टर पुलिस अधीक्षक न्यायाधीश सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान के महत्व को समझते हुए अधिवक्ता सत्येंद्र सक्सेना की बेटी अरुणिमा सक्सेना जो मुंबई में से अपने गृह नगर आई थी। वह वर्तमान में मुंबई में रिलायंस कंपनी में डिप्टी मैनेजर के पद पर पदस्थ हैं। कार्यक्रम की सूचना मिलने पर वह अपने पिता के साथ रक्तदान करने पहुंची। उन्होंने अन्य सभी लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया।

### हर घर तिरंगा अभियान की शपथ दिलाई

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने एडीआर भवन में उपस्थित न्यायाधीश अधिकारी कर्मचारियों को हर घर तिरंगा अभियान की चर्चा करते हुए सभी को इस अभियान में भागीदारी करने के लिए शपथ दिलाई।

## बाघों की सुरक्षा और सुविधा के आधार पर तय होगी मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व की रैंक

**भोपाल।** प्रदेश के कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, सतपुड़ा, संजय दुबरी और पन्ना टाइगर रिजर्व का मैनेजमेंट इफेक्टिवनेस इवैल्युएशन (एमईई) सर्वे किया जा रहा है। इसमें पार्कों में बाघों की सुरक्षा, सुविधा और प्रबंधन के आधार पर रैंकिंग की जाएगी। सर्वे शुरू हो चुका है। इसमें देखा जा

रहा है कि पार्कों में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं। पिछला सर्वे वर्ष 2018 में हुआ था, जिसकी देशव्यापी रिपोर्ट जारी की गई थी। जिसमें प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व और केरल के पेरियार पार्क को बराबर अंक मिले थे। सर्वे के दौरान देखा जा रहा है कि पार्क प्रबंधन ने एनटीसीए को प्रबंधन प्लान भेजा है या नहीं। एनटीसीए की गाइड लाइन का कितना पालन किया जा रहा है। पार्क में बाघों के लिए पर्याप्त खाने और पानी का प्रबंध है या नहीं। बाघों की मौत की क्या स्थिति है। इसमें प्राकृतिक, आपसी लड़ाई, शिकार से कितनी मौत हुई हैं। बाघ कारीडोर और बाघ-मानव द्वंद की घटनाएं कितनी हो रही हैं और उसके कारण क्या हैं? पार्क में पर्यटन, पर्यटकों के लिए सुविधाएं और पर्यटकों के पांच साल के अनुभवों को भी सर्वे में शामिल किया गया है। यह भी देखा जा रहा है कि पार्क प्रबंधन ने अपनी ओर से बाघ प्रबंधन के क्या उपाय किए हैं। वर्ष 2018 में 50 पार्कों का सर्वे कराया गया था। इसमें से देश के 21 टाइगर रिजर्व की रैंकिंग जारी की गई थी। जिसमें पेंच टाइगर रिजर्व को सौ में से सबसे अधिक 93.75 अंक मिले थे। वहीं प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व को 92.97 और सतपुड़ा को 90.63 अंक मिले थे। जबकि 93.75 अंक लेकर केरल का पेरियार पार्क बराबर में रहा था। उल्लेखनीय है कि देश में वर्ष 2006 से एमईई सर्वे की शुरूआत हुई है, जो प्रत्येक चार साल में कराया जाता है।

## ढाई माह में ही उखड़ने लगा बीआरटीएस रोड का डामर

**नवदुनिया।** बैरागढ़ मेन रोड एवं बीआरटीएस रोड पर ढाई माह पहले ही डामरीकरण किया गया था। मानसून की बौछार के साथ ही सड़क उखड़ने लगी है। नागरिकों के आक्रोश के बाद नगर निगम ने गड्ढे भरने

का काम शुरू किया लेकिन सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग गए हैं। प्रभारी भूपेंद्रसिंह ने 12 अप्रैल को बैरागढ़ से मिसरोद तक बीआरटीएस मार्ग की मरम्मत के लिए भूमिपूजन किया था। 20 अप्रैल को काम शुरू भी कर दिया गया। बैरागढ़ के सीहोर नाका क्षेत्र से शुरूआत की गई थी। मेन रोड के दोनों तरफ, हलालपुर रोड एवं लालघाटी पहुंच मार्ग पर भी डामरीकरण किया गया था। नागरिकों ने उसी समय इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे क्योंकि संबंधित ठेकेदार ने डामर की पतली परत बिछाकर काम बंद कर दिया। ग्रीष्मकाल में तो सड़क अच्छी नजर आ रही थी लेकिन मानसून की शुरूआत बौछारों से ही सड़क उखड़ना शुरू हो गई। हाल ही में लगातार हुई वर्षा से तो सड़क पहले की तरह जर्जर स्थिति में आ गई है। सड़क की जर्जर स्थिति से रहवासी चिंतित हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुडे कमल प्रेमचंदानी ने सड़क उखड़ने पर चिंता प्रकट की है। प्रेमचंदानी का कहना है कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाना चाहिए। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण के अनुसार हमनें नगर निगम आयुक्त से काम करने वालों की सूची मांगी है क्योंकि सड़क देखकर साफ नजर आ रहा है कि काम सही ढंग से नहीं किया गया है। मारण के अनुसार पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में ही वे निगम आयुक्त केवीएस चौधरी से इसकी शिकायत करेंगे। नागरिकों के आक्रोश को देखते हुए नगर निगम ने उखड़ चुके हिस्से की मरम्मत शुरू कर दी है। सीहोर नाका, बर्तन बाजार, स्टेशर रोड तिराहा, बस स्टैंड तिराहा एवं लालघाटी क्षेत्र में जहां से सड़क उखड़ गई थी वहां फिर से डामर की परत बिछाई जा रही है।

## बन्नूर गांव में वर्मा लक्ष्मी का पर्व धूमधाम से मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु** -बन्नूर कस्बे में एच.आर.सी.मार्ग पर वर्मा लक्ष्मी पर्व मनाते हुए पूजा अर्चना की गई द्य सर्व प्रथम प्रतिमा पर

अलंकरण कर सजाया गया द्य समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में महिलाओं को चुड़िया, साड़ी के ब्लाउज व प्रसाद दिया गया द्य इस कार्यक्रम में संतोष कंवर,रेखा कंवर,शारदा देवी,चांदनी,कविता, राजेश सिंह,रोशनसिंह,प्रतीक सिंह,जसवंत सिंह,कंगना,विराट सिंह,वनिया,नागराज,रेणूका प्रसाद,वनजाक्षी ने आरती कर आशीर्वाद लिया।

## पत्नी कर रही अपने पति की झूठी शिकायत , पति बोला भैया बता कर रखी हैं अपने सैया को

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- शिवपुरी जिले के गोवर्धन थाने क्षेत्र मैं रहने वाला प्रदीप यादव आज एसपी ऑफिस अपनी फरियाद लेकर आया प्रदीप ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उसकी पत्नी पिछले 4 साल से अलग रह रही है और कच्ची शराब बेचने का काम करती है साथ ही उसके साथ मुरैना का रहने वाला एक सोनू यादव नाम का युवक रहता है जिसे वह अपना भाई बताती है लेकिन वह उसका भाई नहीं है साथ ही आए दिन मेरी थाने में झूठी शिकायतें की जाती है जिस कारण मुझे पुलिस परेशान करती है इसलिए मामले में उचित कार्यवाही की जाए द्य प्रदीप यादव पुत्र कुवराज यादव निवासी ग्राम उमरी थाना गोवर्धन ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि उसकी शादी सन 2011 में सखी के साथ हुई थी अब 4 साल से उसकी पत्नी मायके में निवास कर रही है तथा मायके में रह कर कच्ची शराब बेचने का काम करती है। आज से करीब 15 दिन पूर्व ग्राम देवपुर में शराब की चेकिंग के लिए पुलिस टीम गई हुई थी तो मेरी पत्नी पुलिस को कोई चेकिंग नहीं करने दी तथा उन्होंने थाने में जाकर मेरे खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करवा दी क्योंकि उन्हें शक है कि उनके जहां पर पुलिस मैंने भिजवाई थी द्य प्रदीप ने बताया कि उसका प्रकरण न्यायालय में चल रहा है लेकिन फिर भी उसकी पत्नी शशि यादव आए दिन उसे व उसके परिवार के लोगों को पुलिस में झूठी शिकायतें कर परेशान करती है और पुलिस भी मामले में बिना जांच किए किस दर्ज कर लेती है प्रदीप ने बताया कि मुरैना का रहने वाला सोनू यादव उसकी पत्नी सखी के साथ रह रहा है पत्नी उसे अपना भाई बताती है लेकिन उसका दूर-दूर तक कोई भाई नहीं है और अभी उसी के साथ रह रही है। शादी के बाद मेरे दो बच्चे हुए उनको भी पत्नी ले गई और आज दिनांक तक उनको स्कूल में भर्ती नहीं कराया है जिससे उनका भविष्य बेकार हो रहा है।

# भोपाल का नूर-उस-सबाह पैलेस अब बनेगा हयात का सुपर लक्जरी होटल

**भोपाल।** झीलों की नगरी भोपाल में स्थित नूर-उस-सबाह पैलेस अब जल्द ही सुपर लग्जरी होटल में तब्दील होने वाला है। विश्वप्रसिद्ध अमेरिकी कंपनी हयात नूर-उस-सबाह का कायाकल्प करेगी और 20 वर्षों तक इसका मैनेजमेंट भी देखेगी। बता दें कि भारत में पहली बार हयात होटल्स की एंट्री हो रही है। इसके एंट्री के लिए सबसे पहले भोपाल के नूर-उस-सबाह पैलेस को चुना है। इसी के साथ नूर-उस-सबाह भारत का पहला और एशिया का दूसरा ऐसा होटल होगा, जिसे हयात ग्रुप में शामिल किया गया है।

अमेरिकी कंपनी हयात की अनबाउंड कलेक्शन विंग इस पैलेस का ओरिजिनल लुक बदले बिना इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक नई शक्ल देगी। हयात की एंट्री के साथ नवाबी पैलेस नूर-उस-सबाह की गिनती दुनिया के चुनिंदा लग्जरी होटल में हो जाएगी। इनमें होटल डू लौवर, पेरिस फ्रांस, रैंचो पेस्केडरो, टोडोस सैंटोस, मैक्सिको, परिसि उद्वार होटल, बुडापेस्ट, कार्मेल वैली रैंच, यूनाइटेड स्टेट और पनामा सिटी, साउथ अमेरिका शामिल हैं। इतना ही नहीं, पूरे एशिया में ही हयात का अनबाउंड कलेक्शन अभी

सिर्फ चीन में है और अब इसकी एंट्री भारत में होने जा रही है।

बताया जा रहा है कि हयात की टीम ने राजस्थान समेत देशभर के कई हेरिटेज सिटी में प्रॉपर्टी देखी लेकिन आखिर में उन्हें भोपाल का नूर-उस-सबाह ही पसंद आया। नूर-उस-सबाह के सीइओ पंकज यादव के मुताबिक इसके ओरिजिनल फील को बिलकुल चेंज नहीं किया जाएगा, पर बदलाव बहुत होंगे। पैलेस के लुक, फील, लाइटिंग, गार्डन, कलर कॉम्बिनेशन, इंटीरियर से लेकर फ्लोरिंग हर एक चीज का स्टैंडर्ड अब हयात के अकार्डिंग होगा। यह पैलेस जनवरी 2025 तक पूरी तरह न्यू लुक के साथ शुरू हो जाएगा।

### यह है खासियत

नूर-उस-सबाह का हिंदी अर्थ है सुबह की रोशनी। यह पैलेस सात एकड़ में फैला हुआ है और इसका इतिहास 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। सन 1920 में बेगम सुल्तान जहां ने इस पैलेस का निर्माण कराया था। उनके बेटे हमीदुल्लाह खां भोपाल के आखिरी नवाब हुए। 15 अप्रैल 1998 को पैलेस पब्लिक के बेहतर एक्सपीरियंस के लिए होटल के तौर पर शुरू किया गया। 2018 तक पैलेस वेलकम ग्रुप ने मैनेज किया। 2022 से 20 साल के लिए हयात ग्रुप इसे मैनेज करेगा।

## यूजी व पीजी में करीब पांच लाख सीटें फुल, अब भी तीन लाख सीटें खाली

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी और निजी कालेजों में स्नातक(यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) में प्रवेश के लिए कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) का चौथा चरण शुक्रवार को समाप्त हुआ। प्रथम चरण और चार सीएलसी राउंड के बाद यूजी व पीजी को मिलाकर अब तक कुल 4,92,099 प्रवेश हुए हैं। प्रदेश के 1324 कालेजों में 8,10,160 सीटें हैं। इसमें से अब भी 3,18,061 सीटें खाली हैं। तीन लाख खाली सीटों के लिए उच्च शिक्षा विभाग पांचवें चरण की काउंसलिंग शुरू करने के निर्देश दिए हैं। पांचवें चरण की काउंसलिंग के लिए शनिवार से पंजीयन प्रक्रिया शुरू होगी। विभाग के अधिकारियों का मानना है कि तीन लाख खाली सीटें पांचवें चरण की काउंसलिंग के बाद भरने की संभावना है। विद्यार्थी आठ अगस्त तक पंजीयन कराने के बाद 13 अगस्त तक आनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इस साल मप्र बोर्ड का परिणाम अप्रैल में जारी हो गया, लेकिन सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट जुलाई के अंतिम सप्ताह में जारी हुआ। यही कारण है कि इस बार पिछले साल के मुकाबले कम प्रवेश हुए। साथ ही 12वीं का परिणाम भी अपेक्षाकृत कम रहा, इस कारण यूजी में प्रवेश कम हुए, जबकि यूजी के पासआउट विद्यार्थियों ने भी कम संख्या में पीजी में प्रवेश लिया है। इस कारण यूजी और पीजी में सीटें खाली रह सकती हैं।

### चौथे चरण की काउंसलिंग की यह रही स्थिति

चौथे चरण की काउंसलिंग में यूजी के लिए 63,238 पंजीयन हुए। इसमें से कुल सत्यापन 61,546 का सत्यापन हुआ, जबकि 78,659 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। वहीं पीजी में इस चरण में कुल 26,487 पंजीयन हुए, जिनमें से 25,283 ने सत्यापन कराया, जबकि 28,027 ने प्रवेश लिया है।

## भारत भवन में सुरमयी गीतों के जरिए बरसी सावन रस की फुहार

**भोपाल।** गांव की सौंधी माटी और लोक जीवन से जिनका थोड़ा भी संबंध है, वे कजरी के रसमय गीतों को सुनते ही झूम उठते हैं। विरहमी की विरह, रमण और पीहर की याद के गीत कजरी-झूला में शामिल होते हैं। कजरी का

संबंध कजरारे बादलों और वर्षा ऋतु से है। भारत भवन में शुक्रवार से कजरी-झूला गायन महोत्सव शुरू हुआ। छह अगस्त तक चलने वाले इस आयोजन में लोकगीत गायक कजरी के विभिन्न रूपों समेत लोकगायन की प्रस्तुति देंगे। कजरी-झूला गायन महोत्सव में पहले दिन बनारस घराने के कलाकार राहुल मिश्र और रोहित मिश्र की गायन जुगलबंदी हुई। 50 मिनट की प्रस्तुति में इन्होंने राग देश ठुमरी- हे मां कारी बदरिया बरसे..., दादरा- पूरब देश से आई रे गुड़िया..., कजरी- झिरझिर बरसे सावन रस बुंदिया... और झूला- जुगल वर झूलत दे गलिबायी... पेश कर सुहानी शाम में संगीत रसिकों को सावन के रस से सराबोर कर दिया।

# देवेंद्र नगर पुरानी हॉस्पिटल में बन रही बिल्डिंग में जम कर हो रहा भ्रष्टाचार,अधिकारी और ठेकेदार के लिए बनाई कमाई का जरिया

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

मध्यप्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा विकास की दृष्टि से बड़े बड़े प्रोजेक्ट और निर्माण कार्य की स्वीकृति तो दे दी जाती है और जनता के टैक्स का करोड़ों रुपए भी कार्य के लिए स्वीकृत कर दिये जाते है परंतु जमीनी स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी और ठेकेदार मिल कर कैसे सासन की मंशा और प्रोजेक्ट का बंटाधार करते है उसकी एक बानगी देवेंद्र नगर पुरानी हॉस्पिटल में चल रहा निर्माण कार्य है देवेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर्स और स्टाफ के निवास के लिए पुरानी हॉस्पिटल में बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है जिसकी निर्माण एजेंसी पुलिस हाउसिंग × इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी जो की प्रदेश के गृह विभाग के आधीन है ठेकेदार के माध्यम से करवा रही है,जिसके लिए

बकायदा जांच अधिकारी और निरीक्षण अधिकारी नियुक्त है परंतु इसे नगर का दुर्भाग्य कहें या जिला प्रशासन की पंगुता की करोड़ों रुपए के इस निर्माण कार्य में नींव स्तर से ही धांधली सुरु हो गई और आज दीवाले खड़ी हो चुकी है पर बेस लेवल पर कोई सुधार नहीं करवाया गया जिससे भविष्य में बनने वाली ये बिल्डिंग कमजोर नींव की दम पर कितने दिन टिकेगी आने वाला वक्त बताएगा लेकिन फिलहाल तो जांच अधिकारी और ठेकेदार की पौ बारह तो हो ही रही है।

सूत्रों की माने तो जिस ठेकदार ने कार्य लिया है उसके द्वारा कार्य पेटी कॉन्टेक्ट पर अनुभवहीन लोगों को दे दिया गया जिन्होंने अपने लाभ के चक्कर में बिल्डिंग की नीव की मटिया पलीत कर दी। भोपाल में बैठे ठेकेदार द्वारा शायद ही कभी आकर कार्य देखा गया हो।ऐसा नहीं है की इस संबंध में जांच अधिकारी को अवगत नही कराया गया पर जांच अधिकारी द्वारा कभी गंभीरता से शिकायत को लिया ही नहीं गया आज स्थिति ये है की पेटी ठेकेदारों ने कार्य बंद कर दिया है जिससे अधूरी पड़ी बिल्डिंग अपनी बदहाल निर्माण पर आंसू बहाती दिख रही है। इस संबंध में सागर संभाग स्तर के अधिकारी जनार्दन सिंह को जानकारी देने पर भी केवल आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं होता दिख रहा। इतना ही नहीं अपनी कमी छुपाने के उद्देश्य से सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी को भी महीनो से लटकाया जा रहा है।

### सुलगते सवाल

1आखिर मुख्य ठेकेदार द्वारा कभी विजिट क्यों नहीं किया गया?

2 जांच अधिकारी को जानकारी के बाद भी कोई कमी क्यों नही दिख रही?

3जांच अधिकारी के सुस्त रवैए के पीछे किसका हाथ पैसा,दबाव या डर?

4 सूचना के तहत मांगी गई जानकारी देने में महीनो गुरेज क्यों?

5 जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार पर कार्यवाही करने में द्यब्ह्व डर रहे है संभागीय अधिकारी?

6 क्या नींव स्तर से सुधार होगा?

7 भविष्य में कमजोर निर्माण से बिल्डिंग गिरने से कोई हादसा हुआ तो जिम्मेदार कौन होगा?

### इनका क्या कहना है

बिल्डिंग डॉक्टर्स ओर स्टाफ के रहने के लिए भले बन रही हो लेकिन इसकी निर्माणकर्ता एजेंसी हॉस्पिटल प्रबंधन नही है इसलिए गुणवत्ता को लेकर हम जिम्मेदार नहीं है पर मेरे द्वारा समय समय पर जांच अधिकारी को कमियों के बारे में बताया गया है पर कमियों पर कोई सुधार मुझे नही दिखा यदि ऐसे ही निर्माण हुआ तो मैं ऐसी अमानक बिल्डिंग हॉस्पिटल के हैडओवर नही लूंगा इसका मुख्य ठेकेदार कौन है मैं उससे आज तक नही मिला

**डॉक्टर अभिषेक जैन**
**खंड चिकित्सा अधिकारी**
**देवेंद्र नगर**

# भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर दिया हर घर में तिरंगा फहराने का संदेश

## विशाल तिरंगा लेकर एबेनेज़र स्कूल के बच्चों ने निकाली भव्य एवं आकर्षक तिरंगा यात्रा

### शहर में जगह-जगह हुआ तिरंगा यात्रा का आत्मीय स्वागत

ग्वालियर। शहर में एबनेजर स्कूल के बच्चों द्वारा 6 अगस्त को विशाल तिंरगा लेकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई । यह तिरंगा यात्रा प्रात- लगभग 10 बजे महाराज बाड़ा से शुरू होकर सराफा, गस्त का ताजिया, राम मंदिर, छप्पर बाला पुल, शिंदे की छावनी व दीनदयाल मॉल के सामने से होते हुए फूलबाग पर पहुँची और रेडियो चस्का के सामने यात्रा का समापन हुआ। जहां रेडियो चस्का की टीम द्वारा रैली का भव्य स्वागत किया गया। विशाल तिरंगा यात्रा में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रैली के दौरान हर घर में तिरंगा लहराने की अपील करते हुए बच्चे उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

महाराज बाड़े पर तिरंगा यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री डी श्रीनिवास वर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी व एडीएम श्री इच्छित गढ़पाले शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, आयुक्त नगर निगम श्री किशोर कन्याल, अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढ़पाले, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर एवं एसडीएम श्री सी बी प्रसाद व श्री अनिल बनवारिया, एबेनेज़र स्कूल के संचालक श्री अमित जैन एवं रेडियो चस्का 95 एफएम के संचालकगण सर्वश्री अशोक गोयल, यश गोयल, तरुण गोयल एवं कार्तिकेय गोयल ने राष्ट्रीय ध्वज रैली का स्वागत, सम्मान एवं उत्साहवर्धन किया।

# श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा युवा इकाई ने किया आज पौधरोपण

ग्वालियर। श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा युवा इकाई ने आज पौधरोपण किया। इस पौधरोपण में अखंड भारत के युवा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय बड़े भैया राजू सिकरवार जी , बड़े भैया सर्वेश भदौरिया जी,बड़े भैया लल्ला तोमर जी। युवा जिला अध्यक्ष उपेंद्र सिंह भदौरिया और पूरी टीम रूद्र प्रताप सिंह जादौन, रोबर्ट सिकरवार, राहुल भदौरिया, बिट्टू राजावत के द्वारा आज वृक्षारोपण किया गया ।

## हर-घर तिरंगा अभियान' के तहत भाजपा कार्यालय पर आज से विक्रय केन्द्र पर उपलब्ध होगा तिरंगा

### 7 से 13 अगस्त तक विक्रय केन्द्र, मुखर्जी भवन पर न्यूनतम शुल्क पर मिल सकेगा तिरंगा

ग्वालियर। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त के बीच चलने वाले 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगे इसके लिए राष्ट्रीय ध्वज आम नागरिकों को आसानी से उपलब्ध हो। इस उद्देश्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मुखर्जी भवन पर विक्रय केन्द्र कल 7 अगस्त से 13 अगस्त तक शुरू किया जा रहा है। जिला कार्यालय मुखर्जी भवन पर विक्रय केंद्र का शुभारंभ कल 7 अगस्त को दोपहर 12 बजे सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर के कर कमलों द्वारा संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी हंसराज तलरेजा ने बताया कि ग्वालियर जिले के हर घर में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराएं जिला भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन पर न्यूनतम शुल्क में राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध रहेंगे। श्री तलरेजा ने बताया कि प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की है। जिससे देशभक्ति की भावनाएं जागृत हो, इसी उद्देश्य को लेकर भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन पर विक्रय केंद्र पर तिरंगा झंडा न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध कराया जाएगा।

# ईट राइट मेले का आयोजन 7 अगस्त को बाल भवन में

## सही भोजन व बेहतर जीवन के उद्देश्य को लेकर लगाया जा रहा है मेला

ग्वालियर। सही भोजन, बेहतर जीवन एवं लोगों में नई खाद्य संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से रविवार 7 अगस्त को ÷वॉकथॉन एवं ईट राइट मेला÷ का आयोजन होगा। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से इस दिन प्रात- 11 बजे से यहाँ बाल भवन में ÷ईट राइट मेला÷ लगाया जायेगा। इससे पहले ÷वॉकथॉन÷ अर्थात ÷सही खान-पान÷ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रात- 7 बजे से रैली निकलेगी। रैली का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह हरी झण्डी दिखाकर करेंगे। यह रैली बाल भवन से शुरू होकर होटल तानसेन रेसीडेंसी, केन्द्रीय विद्यालय नं.-1, बस स्टेण्ड, स्टेशन बजरिया होते हुए वापस बाल भवन पहुँचेगी। वॉकथॉन में विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एवं स्वयंसेवी संस्थायें सहभागिता करेंगीं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नईदिल्ली द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान नागरिकों में स्वच्छ खान-पान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देशभर में ईट राइट मेले लगवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्वालियर में ईट राइट मेले का आयोजन हो रहा है।

**जुम्बा डांस, चेयररेस व अन्य प्रतियोगिताएँ होंगीं**

सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य पदार्थों के सेवन, पौष्टिक व संतुलित आहार, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के उपाय एवं उचित खान-पान को बढ़ावा देने के लिये ईट राइट मेला में निबंध, भाषण, चित्रकला, मलखंब, जुम्बा डांस, चेयररेस व स्पून रेस जैसी प्रतियोगितायें भी होंगीं, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

**पौष्टिक खाद्य पदार्थों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी भी लगेंगीं**

बाल भवन में रविवार को आयोजित होने जा रहे ईट राइट मेले में इंडियन होटल मैनेजमेंट, महिला बाल विकास, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्मार्ट सिटी, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा खाद्य पदार्थों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जायेंगीं। साथ ही अमूल पार्लर एवं साँची पार्लर द्वारा पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए फूड फोर्टिफिकेशन विषय पर केन्द्रित प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र होगी। मेले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की चलित लैब द्वारा खाद्य पदार्थों की मौके पर ही जाँच भी की जायेगी।

**कोरोना वैक्सीनेशन भी किया जायेगा**

ईट राइट मेले में आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर कोरोना वैक्सीनेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी।

# दूसरा व्यक्ति पीड़ित और हमारे अंदर करुणा नहीं तो धर्म व्यर्थ : मुनिश्री

## 48 दिवसीय भक्तामर विधान में गूंज रही है भगवान आदिनाथ महिमा

ग्वालियर। हमें जीवन में परिवर्तन लाना है तो धर्म का सहारा लेना पड़ेगा। यदि श्रद्धा जाग गई होती तो हमारे जीवन में परिवर्तन हो जाता। समर्पण भी होना जरूरी है जिस व्यक्ति के अंदर धर्म होगा तो नैतिकता भी होगी। हम आदमी कैसे बनेंगे जब तक हमारे जीवन में धर्म नहीं आएगा। दूसरा व्यक्ति पीड़ित है और आपके अंदर यदि करुणा नहीं है तो आपका सब व्यर्थ है। कल्याण तभी होगा जब सभी जीवों के प्रति करुणा के भाव रहे। अपनों के प्रति करुणा के भाव नहीं रहते हैं आज। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान में आज शनिवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में आयोजित 48 दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा सबसे बड़ी क्रूरता हमारे जीवन में यह आ रही है कि हम शून्य होते जा रहे हैं। हम स्वयं जिए और दूसरों को भी जीने दें। यदि बच्चों को हिंसा के कार्य सिखाएंगे तो बच्चे इन कार्यों में आगे रहेंगे। अपने जीवन को अच्छा बनाएं। मुनिश्री ने कहा कि दूसरों से सहयोग कराने का सबसे बड़ा सूत्र है हम सहयोग करें। आज यदि दूसरे मानव को तुमने भोजन करा दिया है तो वह भी तुम्हार इंतजार करेगा। आज तुमने संकट में किसी की सहायता की है तो वह भी तुम्हारे कष्टों को दूर करने को दौड़ पड़ेगा। अंधे व्यक्ति से पूछा जाए कि तुम्हारी इच्छा क्या है तो वह कहेगा कि उसे आंखों की रोशनी प्राप्त हो जाए तो सुखी हो जाएगा। परंतु वह भूल जाता है कि आंखों की रोशनी लौटने से सुख उसके जीवन में क्षणमात्र के लिए रहेगा।

## भगवान जिनेंद्र पर जलधरा की, भक्तामर विधान कर मंडप पर चढ़ाये महअर्घ्य

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज ने मंत्र का उच्चारण इंद्रो ने भक्तिभाव के साथ जलधरा से भगवान आदिनाथ अभिषेक किया। मुनिश्री ने मंत्रो का उच्चारण कर शांतिधारा राजकुमार जैन व पिंटू जैन परिवार ने की। मुनिश्री के पादप्रक्षालन एवं शास्त्रभेट डॉ ज्योतिचार्य हुकुमचंद ममता जैन परिवार ने किए। विधानचार्य विजय कुमार जैन ने भक्तामर के 48 ऋद्धि सिद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ विधानकर्ता ज्योतिचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ममता जैन परिवार सहित श्रद्धालुओं ने अष्टद्रव्य से पूजन कर भजन सम्राट शुभम जैन सैमी के भक्तिमय स्वरों के साथ भगवान आदिनाथ के समक्ष भक्तामर मंडप पर श्राद्ध भक्ति से साथ समर्पित करें।

## ग्वालियर की पहल प्रदेश व देश के लिए उदाहरण बनी है - श्री भारत सिंह कुशवाह

**राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने हस्तिनापुर में किया कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण**
**जन समस्या निवारण शिविर एवं तिरंगा रैली में भी शामिल हुए**

ग्वालियर। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में शिक्षित युवाओं को सरकारी खर्चे पर कम्प्यूटर की बुनियादी शिक्षा व टाईपिंग का प्रशिक्षण देने की जो पहल हुई है वह प्रदेश ही नहीं देश भर के लिए उदाहरण बन रही है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को केवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण भर नहीं, कम्प्यूटर डिप्लोमा व प्रमाण-पत्र भी मिलेगा, जो उन्हें सरकारी एवं निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने में मददगार साबित होगा। श्री कुशवाह शनिवार को हस्तिनापुर में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का जायजा लेने पहुँचे थे। ज्ञात हो राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने उद्यानिकी विभाग से ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने के लिये धनराशि मुहैया कराई है। प्रदेश में ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ऐसा पहला विधानसभा क्षेत्र है जहाँ के ग्रामीण युवाओं को सरकारी खर्चे पर विशेषज्ञ कम्प्यूटर शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। श्री कुशवाह हस्तिनापुर में आयोजित हुए जन समस्या निवारण शिविर में भी शामिल हुए। साथ ही लगभग 21 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया। राज्यमंत्री श्री कुशवाह ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर घर-घर तिरंगा लगाने का आह्वान भी इस अवसर पर किया।

**कम्प्यूटर सीख कर गदगद हैं ग्रामीण बालिकाएँ**

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने हस्तिनापुर के कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण कर प्रशिक्षणरत बालिकाओं से चर्चा की। अपने गाँव में ही कम्प्यूटर की शिक्षा पाकर बालिकाएँ गदगद थीं। ग्राम तोर निवासी कु. लक्ष्मी माहौर व हस्तिनापुर की कु. नेहा पाराशर सहित अन्य बालिकाओं का कहना था कि हमने पहले केवल कम्प्यूटर का नाम भर सुना था। अब हम एम एस वर्ड, एक्सल व पावर प्वाईंट का काम भी कम्प्यूटर पर कर लेते हैं। साथ ही कम्प्यूटर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी की टाईपिंग भी सीख ली है। ग्राम तोर निवासी अनुष्का कहने लगीं कि अभी तक हम गाँव में चौका-चूल्हा व अन्य कामों तक ही सीमित रहते थे। अब हमारी उँगलियाँ कम्प्यूटर पर सरपट दौड़ने लगी हैं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने प्रशिक्षणरत सभी बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि वे खूब मन लगाकर कम्प्यूटर सीखें। प्रशिक्षण के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। हस्तिनापुर के कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र में 100 शिक्षित युवाओं का बैच प्रशिक्षण प्राप्त कर चुका है। वर्तमान में इतनी ही बालिकाएँ व शिक्षित युवा कम्प्यूटर सीख रहे हैं।

## उटीला में दंत कान्ति एवं जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन आज

**राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में लगेंगे शिविर**

ग्वालियर। जिले के ग्राम उटीला में 7 अगस्त को जन समस्या निवारण शिविर लगाया जायेगा। साथ ही ग्रामीण बुजुर्गों एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए दंत कान्ति शिविर का आयोजन भी होगा। ये दोनों शिविर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 12 बजे से शुरू होंगे।

## राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का 7 अगस्त को ग्वालियर आगमन

**ग्वालियर विमानतल से शिवपुरी के लिए होंगे रवाना**

ग्वालियर। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 7 अगस्त को ग्वालियर संभाग के प्रवास पर पधारेंगे। राज्यपाल श्री पटेल इस दिन लगभग 3.35 बजे वायुमार्ग से यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। यहाँ से थोड़ी देर बाद सड़क मार्ग द्वारा शिवपुरी के लिये रवाना होंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल शिवपुरी पहुँचकर सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल 8 अगस्त को सड़क मार्ग द्वारा शिवपुरी जिले के हाटोड़ ग्राम पहुँचेंगे। वहाँ पर कर्नल ढिल्लन की समाधि पर माल्यार्पण करेंगे। साथ ही वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी केन्द्र व सरकारी स्कूल का भ्रमण, ग्रामीणों के साथ संवाद, आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन और ग्राम हाटोड़ के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता वितरित करेंगे। इसके बाद प्रात- 11.30 बजे अशोकनगर के लिए रवाना होंगे और वहाँ पहुँचकर विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। राज्यपाल श्री पटेल अशोकनगर में अपराह्न 2.45 बजे अनुसूचित जनजाति छात्रावास का निरीक्षण करने जायेंगे। इसके बाद अशोकनगर कलेक्ट्रेट पहुँचकर चंदेरी हैण्डलूम का प्रजेण्टेशन देखेंगे। इसके पश्चात हैलीपेड पहुँचकर हैलीकॉप्टर द्वारा सायंकाल 4.15 बजे स्टेट हैंगर भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की 99वीं जयंती पर पुष्पांजलि सभा आज

ग्वालियर। पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. श्री नारायणकृष्ण शेजवलकर की 99वीं जयंती पर रविवार 7 अगस्त 2022 को प्रात- 8.30 बजे सिटी सेंटर स्थित नगर निगम मुख्यालय ग्वालियर में पुष्पांजली सभा का आयोजन किया गया है। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आयोजित पुष्पांजलि सभा में स्व. श्री नारायणकृष्ण शेजवलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के अवसर पर जनप्रतिनिधी एवं समाजसेवियों के साथ-साथ विभागीय अधिकारी उपस्थित होंगे।

## 12 अगस्त को विद्यार्थी लेंगे नशामुक्त भारत की शपथ

**से नो टू ड्रग्स-स्टुडेंट एक्टिविटी क्लब बनेंगे**

ग्वालियर। नशामुक्त भारत अभियान में शामिल जिलों के छात्र-छात्राओं को 12 अगस्त को नशा और ड्रग के विरूद्ध शपथ दिलाई जायेगी। केन्द्र शासन द्वारा मध्यप्रदेश में अभियान के 15 जिलों रीवा, जबलपुर, भोपाल, छिन्दवाड़ा, ग्वालियर, नीमच, इंदौर, उज्जैन, दतिया, नर्मदापुरम, मंदसौर, नरसिंहपुर, रतलाम, सागर और सतना के स्कूल और कॉलेज में %से नो टू ड्रग्स-स्टुडेंट एक्टिविटी क्लब% स्थापित करने के भी निर्देश दिये गये हैं। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कार्यक्रम के समन्वय के लिये राज्य-स्तरीय और सभी चयनित जिलों में जिला-स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये गये हैं। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, सभी स्कूल और कॉलेज में अभियान के उद्देश्य, नशामुक्त जीवन की महत्ता, नशे का स्वास्थ्य और परिवार पर दुष्प्रभाव आदि बताने के साथ 12 अगस्त को शपथ कार्यक्रम भी करेंगे। कार्यक्रम की फोटो, वीडियो आदि ई-मेल द्वारा केन्द्र शासन को प्रेषित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश के सभी राज्यों को नशामुक्त भारत अभियान में शामिल जिलों में 12 अगस्त को शपथ दिलाने के निर्देश जारी किये गये हैं। नशामुक्त भारत अभियान में देश के 272 जिले शामिल हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478